पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 140

ग्वालियर, शनिवार, 10 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

भीषण हादसा

फैक्ट्री में आग से 52 की मौत

बांग्लादेश में 6 मंजिला फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्री में आग लगी, जान बचाने के लिए लोग इमारत से नीचे कूदे

ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार को भीषण हादसा हो गया। यहां एक 6 मंजिला फैक्ट्री में आग लग गई। इस हादसे में 52 लोगों की मौत हो गई। करीब 30 लोग घायल हैं और कई अभी लापता हैं। जान बचाने के लिए कई लोग जलती इमारत से नीचे कूद गए। आग फैक्ट्री की ऊपरी मंजिलों पर लगी थी। अभी ये पता नहीं चल पाया है कि कितने लोग भीतर फंसे हुए हैं। हालांकि, जो लोग बाहर आए, उन्होंने आशंका जाहिर की है कि फैक्ट्री के भीतर फंसे लोगों का बचना मुश्किल है।

जब फायर फाइटर्स अंदर पहुंचने में कामयाब हुए, तो वहां सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।

पुलिस ने बताया गुरुवार शाम करीब 5 बजे रूपगंज इलाके में स्थित फूड एंड बेवरेज फैक्ट्री में आग लग गई। आग पर शुक्रवार दोपहर तक काबू नहीं पाया जा सका। फायर डिपार्टमेंट और पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि अब तक 25 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। कितनी मौतें हुई हैं, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। एक बार आग पर काबू पा लिया जाए, उसके बाद फैक्ट्री के भीतर सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि कई लोग झुलसे हैं और कई लोग इमारत से कूदने पर घायल हो गए हैं। घटना स्थल पर मौजूद नजरुल इस्लाम ने बताया कि वो हादसे की खबर सुनकर आए। वो अपने भांजे को ढूंढ रहे थे, जो फोन नहीं उठा रहा था। अब उसका फोन भी नहीं लग रहा है।

फैक्ट्री में दर्जनों मजदूर मौजूद थे

एक मजदूर ने कहा कि आग लगने के वक्त फैक्ट्री में दर्जनों मजदूर मौजूद थे। सुरक्षा नियमों को न मानने के चलते बांग्लादेश में आग की घटनाएं आम बात हैं। पिछले साल फरवरी में भी ढाका में ही कुछ अपार्टमेंट में आग लग गई थी। इस हादसे में 70 लोगों की जान गई थी।

एक मजदूर ने बताया कि तीसरी मंजिल पर जब आग लगी तो

सीढ़ियों पर दरवाजे बंद थे

सीढ़ियों पर लगे दोनों तरफ के दरवाजे बंद थे। इस दौरान उस मंजिल पर 48 लोग थे। मैं नहीं जानता उनका क्या हुआ। एक अन्य मजदूर ने बताया कि आग लगने के बाद 13 मजदूर छत की ओर भागे और देखते ही देखते काला धुआं भर गया।

बधाई देने पहुंची इमरती के छलके आंसू

सिंधिया हुए भावुक आगे बढ़कर गले लगाया

ग्वालियर

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निवास और दफ्तर में बधाई देने वालों की भीड़ लगी हुई है। ग्वालियर चंबल संभाग से भी सैकड़ों समर्थक बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। सिंधिया की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली पूर्व मंत्री इमरती देवी भी सिंधिया को बधाई देने दिल्ली पहुंची थीं। इमरती जब बधाई देने के लिए उनके दफ्तर पहुंची तो वह इतनी अधिक भावुक हो गईं कि उनकी आंखों से आंसू छलक आए। यह दृश्य देख सिंधिया भी भावुक हो गए और आगे बढ़कर इमरती को गले लगा लिया। इसके बाद दोनों के बीच करीब पंद्रह मिनट तक चर्चा हुई।

पूर्व मंत्री इमरती देवी गुरूवार को मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यालय में उनसे मिलने पहुंची थीं। पूर्व मंत्री ने अंदर पहुंचते ही कहा-महाराज साहब बधाई हो, सिंधिया ने बधाई स्वीकारने के साथ ही उनका हालचाल पूछा। इस दौरान इमरती जब अधिक भावुक हुई तो उनकी आंखों से आंसू निकल आए। सिंधिया ने कहा कि रो क्यों रही हो तो इमरती देवी ने कहा कि यह तो खुशी के आंसू हैं, यह सुन सिंधिया भी भावुक हो गए और आगे बढ़कर इमरती देवी को गले लगा लिया। खबर है कि सिंधिया शुक्रवार को ग्वालियर आ सकते हैं।

सिंधिया ने ग्रहण किया पदभार

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को विधिवत रूप से नागरिक उड्डयन मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मुलाकात करने पहुंचे और उनको बधाई दी।

दिल्ली हाईकोर्ट में वॉट्सऐप का पॉलिसी विवाद

वॉट्सऐप ने विवादित प्राइवेसी पॉलिसी को अभी रोका कॉम्पिटिशन कमीशन की जांच के खिलाफ कोर्ट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप अपनी विवादित पॉलिसी को लेकर बैकफुट पर नजर आ रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट में वॉट्सऐप ने बताया कि उनसे अपनी प्राइवेसी पॉलिसी को फिलहाल रोक दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट में वॉट्सऐप और इस ऐप की मालिक फेसबुक ने कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया की जांच के खिलाफ अपील की है। सीसीआई ने पिछले महीने वॉट्सऐप और फेसबुक को नोटिस जारी किया था और उनसे प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर जानकारी मांगी थी। इसके खिलाफ वॉट्सऐप सिंगल जज की बेंच में गया था, जहां उनकी अपील खारिज कर दी गई। तब अदालत ने कहा था कि पॉलिसी का मुद्दा पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद वॉट्सऐप ने दिल्ली हाईकोर्ट में इस फैसले का विरोध किया है।सिंगल जज की बेंच के सामने केंद्र ने भी वॉट्सऐप की पॉलिसी का विरोध किया था। केंद्र ने अदालत से कहा था कि पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल के कानून बनने से पहले वॉट्सऐप यूजर्स को अपनी प्राइवेसी पॉलिसी अपनाने के लिए मजबूर कर रहा है। केंद्र ने कहा था कि वॉट्सऐप यूजर्स पर रोज ऐसे

केंद्र ने कहा था- वॉट्सऐप यूजर्स को मजबूर कर रहा



भारत में वॉट्सऐप की नई प्राइवेसी पॉलिसी फरवरी में लागू होनी थी

यूजर्स और एक्सपर्ट की चिंता के बाद सरकार ने मामले में दखल दिया

कंपनी ने इसमें देर की और पॉलिसी को मई में लागू किया गया

वॉट्सऐप का तर्क था कि यूजर्स की प्राइवेसी उनकी टॉप प्रियॉरिटी है

मई में लागू की वॉट्सऐप ने नई पॉलिसी

भारत में वॉट्सऐप की नई प्राइवेसी पॉलिसी फरवरी में लागू की जानी थी, पर यूजर्स और एक्सपर्ट ने इस पर चिंता जाहिर की। इस पॉलिसी में सरकार के दखल की मांग उठने लगी। इसके बाद कंपनी ने इसमें देर की। इस पॉलिसी को मई के मध्य में लागू किया गया। वॉट्सऐप ने तब सरकार से कहा था कि यूजर्स की प्राइवेसी उनके लिए टॉप प्रियॉरिटी का मुद्दा है।

क्या है वॉट्सऐप की नई पॉलिसी?

वॉट्सऐप पर नए टर्म्स और प्राइवेसी पॉलिसी के मुताबिक, सर्विसेज को ऑपरेट करने के लिए आप वॉट्सऐप को जो कंटेंट अपलोड, सबमिट, स्टोर, सेंड या रिसीव करते हैं, कंपनी उन्हें कहीं भी यूज, रिप्रोड्यूस, डिस्ट्रीब्यूट और डिस्प्ले कर सकती है।

ऐसा फैसला क्यों लिया?

नई पॉलिसी के नोटिफिकेशन में कंपनी साफ लिखा है कि अब वॉट्सऐप आपकी हर सूचना अपनी पेरेंट कंपनी फेसबुक और इंस्टाग्राम के साथ शेयर करेगा। यानी वॉट्सऐप अपने यूजर्स के डेटा का इस्तेमाल करके पैसे भी कमा सकती है।

नए आईटी कानून पर कोर्ट एनबीए के साथ

न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन कानून नहीं लागू करता तो भी सख्त एक्शन न लिया जाए

इसी साल देश में लागू किए गए नए आईटी कानूनों को लेकर केरल हाईकोर्ट ने न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए) का पक्ष लिया है। अदालत ने कहा कि अगर एनबीए इन कानूनों को लागू नहीं कर पाता है तो उसके खिलाफ फिलहाल कोई भी दंडात्मक या सख्त एक्शन नहीं लिया जाना चाहिए।

एनबीए की कोर्ट में 3 दलीलें

1. एनबीए ने कहा कि इन नियमों को लागू करने से सरकारी अधिकारियों को बिना कारण के और गलत तरीके से मीडिया की बोलने की आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने की ताकत मिल जाएगी।
2. नए आईटी कानून संविधान के आर्टिकल 14 यानी कानून के सामने समानता और आर्टिकल 19 यानी किसी भी पेशे को चुनने की आजादी का भी उल्लंघन करते हैं।
3. निगरानी करने की इस व्यवस्था से अधिकारियों को डिजिटल न्यूज मीडिया के कंटेंट पर बेलगाम तरीके से

ब्लॉक प्रमुख चुनाव में हिंसा

अखिलेश ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना, बोले- सीएम योगी के इशारे पर हो रहा है उत्पीड़न

लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को योगी सरकार पर सीधा हमला किया। कहा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। चुनाव लड़ने वालों को अपमानित किया जा रहा है। चुनावी प्रक्रिया से रोका जा रहा। लखीमपुर खीरी की घटना इसका प्रमाण है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश में गुंडों को आजादी दे रखी है। अपने आप को अनुशासित पार्टी होने का दावा करने वाली बीजेपी के गुंडों ने महिला की इज्जत को तार-तार किया। हमें दुख है कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा के लोग इस स्तर तक उतर आए हैं। जिन्होंने महिला के साथ दुर्व्यवहार किया, सब भाजपा के गुंडे हैं। भाजपा ने पहले जिला पंचायत अध्यक्ष और अब ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीतने के लिए पूरे प्रदेश के हर ब्लॉक में नंगानाच और खुली गुंडागर्दी की। सपा अध्यक्ष ने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन कराने के लिए प्रस्तावक और प्रत्याशियों को ब्लॉक तक पहुंचने से रोकने के लिए भाजपा ने गुंडों का सहारा लिया।

सरकार के इशारे पर प्रशासन ने भाजपा के

देशभर में लगाए जाएंगे 1500 से अधिक आक्सीजन प्लांट : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक संपन्न



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशभर में आक्सीजन के मौजूदा स्टॉक व इसकी वृद्धि को लेकर बुलाई गई उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। वर्चुअली आयोजित इस बैठक में पीएमकेयर्स के तहत पीएसए (Pressure Swing Operation) ऑक्सीजन प्लांट के इंस्टालेशन का भी प्रधानमंत्री ने जायजा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया, %देशभर में 1500 से अधिक PSA आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। पीएम केयर्स द्वारा दिए गए PSA आक्सीजन प्लांट के जरिए 4 लाख से अधिक ऑक्सीजेनटेड बिस्तरों को सपोर्ट मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जितनी जल्द हो सके इन प्लांटों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जाए।

कोरोना महामारी की तीसरी लहर से पहले सरकार ने देश में आक्सीजन सप्लाई बढ़ाने के लिए बड़ा प्लान बनाया है। इस क्रम में आक्सीजन का उत्पादन और सप्लाई से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम जारी है।

हाल में ही देश ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान आक्सीजन की किल्लत समेत अस्पताल व तमाम मेडिकल उपकरणों की कमी को झेला है। अब दोबारा ऐसा न हो इसलिए महामारी की तीसरी लहर की संभावनाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने यह समीक्षा बैठक बुलाई। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना प्रोटोकॉल को लेकर लापरवाही पर चिंता व्यक्त की और कहा कि एक छोटी सी गलती के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और महामारी से लड़ाई कमजोर पड़ सकती है।

26 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष अधिकारियों के साथ देशभर में जारी कोरोना वैक्सीनेशन अभियान व कोरोना संक्रमण को लेकर चर्चा की थी। वैक्सीनेशन अभियान की गति पर प्रधानमंत्री ने संतुष्टि व्यक्त किया था । अप्रैल के अंतिम दो सप्ताह व मई के शुरुआत में मेडिकल आक्सीजन की किल्लत से देश में हाहाकार की स्थिति बन गई थी। शुक्रवार सुबह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान भारत में 43,393 नए संक्रमितों की पहचान हुई और 911 संक्रमितों की मौत दर्ज की गई। वहीं इस अवधि में 44,459 रिकवरी भी दर्ज की गई। अभी देश में 4,58,727 सक्रिय मामले हैं।

महिला की साड़ी खिंचाने के आरोप में दो भाजपाई गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी में चुनाव का दौर जोरो-शोरो से जारी है। प्रत्याशियों ने यूपी ब्लॉक प्रमुख चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। राज्य में हर जगह बीजेपी के ही जीत के जश्न देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत लगभग तय है। उन्होनें दावा किया है कि वह यूपी राज्य में लगभग 292 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

परिसीमन आयोग का बड़ा फैसला

जम्मू-कश्मीर में बढ़ेंगी विधानसभा की सात सीटें

जम्मू

जम्मू-कश्मीर में परिसीमन के बाद सात विधानसभा सीटें बढ़ जाएंगी। इसके बाद विधानसभा में 83 सीटों की जगह 90 सीटें हो जाएंगी। यह पूरी प्रक्रिया मार्च 2022 तक पूरी हो जाएगी। यह जानकारी परिसीमन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा भी मौजूद थे। सुशील चंद्रा ने परिसीमन पर कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन होगा।

इस परिसीमन का जो ड्राफ्ट बनेगा उसे जनता के बीच रखा जाएगा, फिर जनता के जो सुझाव आएंगे उसे शामिल कर फाइनल ड्राफ्ट सामने आएगा। जम्मू-कश्मीर में परिसीमन आयोग की अध्यक्ष रंजना प्रकाश देसाई और मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन साफ-सुथरे और पारदर्शी तरीके से होगा और ऐसा वह आश्वासन देते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया है और परिसीमन अधिनियम द्वारा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत तय प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने कहा इस प्रक्रिया में पीओके के लिए रिक्त 24 सीटों पर गौर नहीं किया जा रहा है क्योंकि यह परिसीमन आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

देश के 800 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली । रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चुनौती रहती है। नई दिल्ली सहित अन्य बड़े स्टेशनों पर इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जरूरत के हिसाब से इनकी संख्या बढ़ाई जा रही है जिससे कि पूरे परिसर पर नजर रखी जा सके। छोटे स्टेशनों पर इस तरह की सुविधा का अभाव है जिसका फायदा अपराधी उठा सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब छोटे स्टेशनों की सुरक्षा चाक चौबंद की जा रही है। रेलटेल के सहयोग से सभी श्रेणी के स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया गया है। सब्जीमंडी, शकूरबस्ती, गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित उत्तर रेलवे के 80 स्टेशनों पर अब तीसरी आंख से निगरानी रखी जा रही है। अगले वर्ष मार्च तक देश के 756 अन्य स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिसमें से उत्तर रेलवे के कई स्टेशन शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

अचौक निरीक्षण में डीपीसी को मिला अनेक स्कूलों में लटका ताला

शिवपुरी। जिला परियोजना समन्वयक एवं डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल ने बीआरसीसी आफाक हुसैन के साथ करेरा ब्लॉक के आधा दर्जन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जिसमें अधिकांश स्कूलों में ताला लटका मिला जिस पर डीपीसी ने नाराजगी व्यक्त की डीपीसी शिवांगी अग्रवाल जब प्राथमिक विद्यालय लोटन पुर माध्यमिक विद्यालय बडोरा और जलेश्वर सहित चार पांच स्कूलों में पहुंचे तो वहां ताला लटका हुआ मिला एकीकृत काला पीला अवश्य खुली मिली लेकिन उसमें 3 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए इन सभी को कारण बताओ नोटिस देते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है डीपीसी ने माध्यमिक विद्यालय सिरसौना के स्कूलों की व्यवस्था देखकर प्रशंसा जाहिर की उन्होंने सभी सीएससी को निर्देशित किया कि वह प्रति दिवस नियमित रूप से 5 विद्यालयों का निरीक्षण का प्रतिवेदन कार्यालय में दें साला समय तक शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें उन्होंने वितरित की जा रही गणवेश व गुणवत्ता की भी जांच की उन्होंने कहा वायुदूत ऐप डाउनलोड कर अपने विद्यालय में पेड़ अवश्य लगाएं तथा उसके फोटो ऐप में डालें इससे पहले उन्होंने ग्राम पंचायत जुझाई मे शत प्रतिशत वैक्सीनेशन होने पर कार्यकर्ताओं की पोस्ट पार्सल, स्मृति चिन्ह भेंट किये।

शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिए जाने हेतु भर्ती कैंप 12 से 21 तक

शिवपुरी। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं जिला पंचायत शिवपुरी व मध्य प्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती कैंप जिले की जनपद पंचायतों में 12 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर एवं मोबाइल नंबर 9079850906 पर संपर्क कर सकते हैं। इस भर्ती कैंप में सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा 12 जुलाई को जनपद पंचायत कोलारस 13 जुलाई को जनपद पंचायत बदरवास,14 जुलाई को जनपद पंचायत खनियाधाना, 15 जुलाई को जनपद पंचायत नरवर, 16 जुलाई को जनपद पंचायत पोहरी, 19 जुलाई को जनपद पंचायत पिछोर, 20 जुलाई को आजीविका मिशन कार्यालय टीला रोड करैरा, 21 जुलाई को कोठी नंबर 26 फतेहपुर रोड शिवपुरी में 8 दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन प्रातः 10ः30 बजे से शाम 4ः00 बजे तक किया जाएगा बेरोजगार युवा अभ्यार्थी जिनकी योग्यता दसवीं पास उम्र 21 से 37 वर्ष उचाई 168 सेंटीमीटर एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास कंप्यूटर कोर्स उम्र 21 से 35 वर्ष ऊंचाई 170 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते हैं। विकास खंडों में विभिन्न तिथियों में आयोजित कैंप में उम्मीदवार दसवीं की छायप्रति दो फोटो आधार कार्ड के साथ उपस्थित हो। अभ्यर्थि के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपये होगा। इसमें चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण देकर 65 वर्ष की स्थाई नौकरी दी जाएगी। जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लाल किला, उज्जैन महाकाल मंदिर, सांची का स्तूप, खुजराहो का मंदिर,एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक,दिल्ली एवं गुड़गांव शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को 12000 से 15000 का मासिक वेतन दिया जाएगा।

शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर चिन्नौद पटवारी निलंबित

शिवपुरी। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करैरा अंकुर रवि गुप्ता ने तहसील करैरा के हल्का चिन्नौद में पदस्थ पटवारी श्रीमती उषा भैन्या को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। निलंबन उपरांत मुख्यालय तहसील करैरा रखा गया है। जानकारी के अनुसार उक्त पटवारी की ड्यूटी 26 जून को कंट्रोल रूम करैरा पर लगाई गई थी। जिस के पालन में उक्त पटवारी आज दिनांक तक कंट्रोल रूम पर उपस्थित नहीं हुई और ना ही उनके द्वारा पटवारी बलराम धाकड़ को चिन्नौद हल्के का प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था एवं दिनांक 6 जुलाई को शाम 5 बजे तक चार्ज देने एवं कंट्रोल रूम पर उपस्थित होने बाबत निर्देश दिए गए थे।

पिता के नक्शे कदम पर पुत्र

30 साल पूर्व पिता बने थे नागरिक उड्डयन मंत्री अब पुत्र ज्योतिरादित्य की हुई उसी पद पर ताजपोशी

शिवपुरी।

पिता की राजनैतिक विरासत संभाल रहे भारत सरकार के नवनियुक्त नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह इसलिए भी हृदयस्पर्शी है। क्योंकि 30 साल पहले उनके पिता (स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया) इस पद को तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में संभाल चुके हैं। सिंधिया के इस पद पर आसीन होने पर उनकी बुआ और प्रदेश सरकार की वरिष्ठ मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी अभिभूत है। और उन्होंने अपने आत्मीय भतीजे ज्योतिरतीत्य सिंधिया को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्या सुखद संयोग है जिस पथ पर दादा भाई (माधवराव सिंधिया) ने उड़ान भरी आज उसी पद पर उनके पुत्र ज्योतिरादित्य विराजमान है। और उनके लिए यह मौका है मेरे भाई तथा उनके पिता (स्वर्गीय माधवराव सिंधिया) के सपनों को नई बुलंदी देने का यशोधरा राजे इस कथन में हार्दिकता कि साफ झलक है। क्योंकि किसी पिता के लिए इससे बढ़कर गौरव क्या होगा कि उनका यशस्वी पुत्र ना केवल उनके बड़ा हुए कामों को आगे ले जाए बल्कि उनके नाम को गौरवावितं करें। इस दृष्टि से अन्य मंत्रालय के विपरीत नागरिक उड्डयन मंत्रालय खास चुनौतीपूर्ण है। और इसमें काम करने की भी बहुत गुंजाइश है शायद ज्योतिरादित्य सिंधिया की क्षमता को पहचान कर ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें यह गुरुतर दायित्व सौंपा है। ज्योतिरतीत्य सिंधिया 9 जुलाई शनिवार को इस मंत्रालय का कार्यभार संभाल चुके हैं। सिंधिया परिवार की तीन पी?यों स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया, उनके सुपुत्र स्वर्गीय माधवराव सिंधिया और नाती ज्योतिरादित्य सिंधिया की राजनीति में अद्भुत साम्य हैं। की तीनों ने ही राजनीति की दूसरी पारी खेली है और दूसरी पारी में ही तीनों का जबरदस्त प्रदर्शन रहा राजनीतिक ट्रैक के मामले में ज्योतिरादित्य अपने पिता से भले ही अलग रहे हैं। लेकिन उनका ट्रैक अपनी दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया से अधिक नजदीक रहा राजमाता विजयराजे सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया दोनों की राजनीति की दूसरी पारी भाजपा से शुरू हुई। जबकि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया दूसरी पारी में तत्कालीन जनसंघ भाजपा से कांग्रेसमें आए दूसरी पारी में ही सिंधिया परिवार की तीन पीढ़ियों में राजनीतिक निखार देखने को मिला इस कंचन भिन्नता के बावजूद साम्यता यह है कि सिंधिया परिवार का लक्ष्य दलीय राजनीति से अधिक विकास पर केंद्रित रहा और इसी विकास के ललित के कारण अपने क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए माधवराव सिंधिया जनसंघ से कांग्रेसमें आए और कांग्रेस में आने के बाद ग्वालियर चंबल संभाग में विकास की उनके नेतृत्व में एक नई इबारत लिखी गई। लेकिन इससे पहले कांग्रेस ने उनकी प्रतिभा को परखा और उन्हें उन हैवीवेट अटल बिहारी वाजपेई से चुनाव लड़ने के लिए ग्वालियर के समर मैदान में उतार दिया। जिनके समर्थन मैं स्वयं उनकी मां राजमाता विजयाराजे सिंधिया खड़ी थी। लेकिन माधवराव सिंधिया ने 1लाख 84 हजार के विशाल अंतर से अटल बिहारी वाजपेई को मात देकर अपनी लोकप्रियता का एक नया इतिहास लिखा। यही कारण रहा कि 1984 में जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्हें रेल राज्य मंत्री का महत्वपूर्ण विभाग दिया गया और सिंधिया ने गुना इटावा रेल लाइन के लगभग असंभव कार्य को अंजाम तक पहुंचाया माधवराव सिंधिया कांग्रेस में आए? इसका उन्होंने उस समय जवाब भी दिया उन्होंने कहा कि अपने इलाके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मैं कांग्रेस में आया हूं। उस समय कांग्रेस देश की मुख्यधारा में थी और अधिकांश राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी माधवराव सिंधिया के कांग्रेस में आने के बाद ग्वालियर चंबल संभाग में इस पार्टी ने अपनी जड़ें मजबूत से जमाई और इसके प्रतिफल स्वरूप इलाके में विकास की मुख्यधारा दृष्टिगोचर हुई अपने पिता के समान ज्योतिरादित्य सिंधिया वी बहुत प्रगति साली है खासकर बौद्धिक क्षमताओं के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। लेकिन हार्दिक ता के मामले में उनके पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया उनसे कहीं आगे थी माधव सिंधिया में किसी को भी जमीन से उठाकर शिखर पर बैठाने की काबिलियत थी ज्योतिरादित्य सिंधिया का राजनीतिक में प्रवेश आकस्मिक रूप से हुआ 2001 में विमान दुर्घटना में उनके पिता माधव सिंधिया का निधन हुआ और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए वह मैदान में आ गए उन्होंने 2002 का उपचुनाव और 2004 का लोकसभा चुनाव जीता 2004 से 2014 तक केंद्र में सत्ता कांग्रेस की रही। और कांग्रेस ने उनकी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में दो बार राज्य मंत्री बनाया इसमें से एक बार उन्हें स्वतंत्र प्रभार विमला ऊर्जा मंत्री के रूप में मंत्रालय में उन्होंने अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़ी लेकिन 2003 से लेकर 2018 तक प्रदेश में सत्ता पर भाजपा काबिज रही जिसके कारण उन्हें अपनी विकास योजनाओं को क्रियान्वित करने में काफी अड़चन है और दिक्कतों का सामना करना पड़ा इसके पश्चात श्री सिंधिया ने प्रदेश राजनीति में अपनी जड़ें मजबूत बनानी चाहिए उनके कारण प्रदेश में कांग्रेश की वापसी हुई लेकिन प्रदेश स्तर के स्थानीय नेताओं के विरोध के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए और 2019 के लोकसभा चुनाव में पराजय के पश्चात कांग्रेसमें उनके विरोधियों ने उन पर हमने की बौछार कर दी जिसके पश्चात की कहानी सर्वविदित है ज्योतिरादित्य सिंधिया अब भाजपा में है और उनका कहना है कि आज की तारीख में तो भाजपा देश की मुख्यधारा की पार्टी है और विकास तथा प्रगति चौकी सिंधिया परिवार का मुख्य लक्ष्य है उस दृष्टि से सिंधिया का राजनीति में एक उज्जवल भविष्य दृष्टिगोचर हो रहा है।

ज्योतिरादित्य को मंत्री बनाए जाने पर सांसद केपी यादव ने दी प्रतिक्रिया कहां- भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता फ्रंट लाइन में रहता है कोई साइड लाइन नहीं

लोकसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य को हराने वाले सांसद केपी यादव ने दी प्रतिक्रिया

शिवपुरी।

केंद्र की मोदी सरकार में राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को नागरिक उड्डयन मंत्री बनाए जाने के बाद गुना- शिवपुरी के सांसद केपी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता फ्रंटलाइन में रहता है और फ्रंट लाइन में ही खेलता है। कोई साइड लाइन नहीं होता है। पार्टी सभी लोगों को मंत्री नहीं बना सकती है इसकी एक निश्चित सीमा होती है। यह बात लोकसभा चुनाव 2019 में ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराने वाले सांसद केपी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में दी है। शुक्रवार को शिवपुरी के दौरे पर आए सांसद केपी यादव से जब पत्रकारों ने पूछा कि आप से हारने वाले सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को मोदी सरकार में मंत्री बना दिया गया है और आप साइडलाइन कर दिए गए हैं। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में सांसद केपी यादव ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता फ्रंट लाइन में रहता और फ्रंट लाइन में ही खेलता है कोई साइड लाइन में नहीं होता। ग्वालियर- चंबल संभाग में ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक प्रदेश के मंत्रियों को प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में सांसद केपी यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि प्रदेश में और केंद्र में मंत्री हैं इसका लाभ यहां विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार इतने लोग सरकार में है जिसका लाभ विकास करने में मिलेगा और क्षेत्र में आने वाले समय में विकास की गति बढ़ेगी। शिवपुरी में सिंध जल आवर्धन और सीवर प्रोजेक्ट 10 साल में पूरे नहीं हो पाने पर जब

पत्रकारों ने सवाल किया तो सांसद केपी यादव ने कहा कि पिछले 2 साल में इन योजना के कार्य में गति आई है। और उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट जल्द पूरे होंगे जिसका लाभ जनता को मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि आपके द्वारा पूर्व में दोशियान कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने की बात अधिकारियों से कही गई थी लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज की गई है तो उन्होंने कहा कि मैं इस संबंध में अधिकारियों से बात करूंगा। शिवपुरी में कोई भी उद्योग धंधा स्थापित ना हो पाने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सांसद केपी यादव ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर केंद्र और वरिष्ठ नेतृत्व के समक्ष उन्होंने अपनी बात रखी है और विकास के लिए जो हर संभव मदद होगी वह उनके द्वारा की जाएगी। सांसद केपी यादव ने शिवपुरी जिला मुख्यालय पर मानस भवन में नगर पालिका को कचरा वाहन की दो गाड़ियां सुपुर्दगी की। गेल इंडिया द्वारा यह कचरा वाहन सीएसआर मद से उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा सांसद केपी यादव ने शिवपुरी जिला मुख्यालय पर दिशा की बैठक ली और यहां पर विकास योजनाओं की समीक्षा की।

गजेंद्र सिंह चौहान का हुआ सम्मान

शिवपुरी।

कोविड -19 से बचाव व वैक्सीनेशन कार्य में सराहनीय योगदान के लिए करैरा एस.डी.एम अंकुर गुप्ता ने नरवर जनपद मैं पदस्थ गजेंद्र सिंह चौहान सहायक वर्ग-3 को जनपद सभागार में फूल माला के साथ श्रीफल,शॉल, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया चौहान ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना काल में भी अपने कर्तव्यों का पूर्णता से पालन करते हुए जनता के बीच अपनी अच्छे कर्मचारी के रूप में पहचान बनाई है। सम्मान समारोह में नरवर तहसील प्रभारी रुचि अग्रवाल,जनपद सी.ई.ओ एल.एन.पिप्पल, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी रवी रमन पाराशर के साथ अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैराड़ में शराब के लिए रुपये न देने पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट 5 घायल, पुलिस ने किया मामला दर्ज

शिवपुरी।

जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के कालामढ़ में शराब पीने के लिए 500 रुपये न देने से गुस्साए दबंगों ने अपने 15-20 साथियों के साथ मिलकर एक परिवार के लोगों पर घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर बेरहमी से मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। इस हमले में दो सगे भाइयों सहित पांच लोगों के घायल होने की सूचना है घटना गुरुवार की रात 8ः30 बजे की है बैराड़ पुलिस ने इस मामले में 4 नामजद सहित 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

फरियादी भूरा धाकड़ पुत्र ओम प्रकाश धाकड़ उम्र 18 साल निवासी धींगपुर हाल निवासी कालामढ़ बैराड़ ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात करीब 8ः00 बजे मैं अपने घर के बाहर बैठा हुआ था तभी राहुल धाकड़ और अंकित रावत मेरे घर आए और शराब पीने के लिए 500 रूपये मांगने लगे मैंने मना किया तो मुझसे गंदी गंदी गालियां देने लगे अंकित रावत ने फोन लगाकर अपने और दोस्तों को बुला लिया जिनमें पुष्पेंद्र रावत और जानू गुप्ता को मैं जानता हूं इन सभी 15-20 लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मेरी बेरहमी से मारपीट कि मुझे बचाने आए मेरे चाचा सुनील धाकड़,उम्मेद धाकड़ मेरी माँ राजकुमारी और छोटे भाई छोटू धाकड़ की भी बेरहमी से मारपीट और घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की है.इस हमले में फरियादी भूरा धाकड़ के चाचा सुनील धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए शिवपुरी रेफर किया गया है. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है लेकिन सभी आरोपी अभी फरार बने हुए हैं।

पौधरोपण की अलख जगाने करैरा एवं नरवर के दूरस्थ इलाकों में पहुंचा अंकुर कार्यक्रम का वायुदूत रथ

शिवपुरी। जिले के करैरा एवं नरवर विकासखंड के दर्जनों गावों में जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में शिवपुरी जिला प्रशासन का अंकुर कार्यक्रम का वायुदूत रथ शुक्रवार को करैरा एवं नरवर पहुंचा। करैरा विकासखंड के ग्राम अमोला क्रेशर में अंकुर अभियान रथ यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत करैरा तहसीलदार जी. एस. बेरवा ने पेड़ लगाकर शुभारंभ किया एवं नरवर सुश्री किरण सिंह नायब तहसीलदार ने जनपद पंचायत परिसर नरवर में किया। दोनों अतिथि गणों ने दो पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जन अभियान परिषद् के विकास खंड नरवर के समन्वयक महेश सिंह एवं करैरा विकासखंड समन्वयक उपेंद्र दुबे ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से वायुदूत एप डाऊनलोड करवाया। इस अवसर पर नरवर जनपद पंचायत के प्रभारी श्री वर्मा, ब्लॉक पंचायत अधिकारी बीएम कोली, ब्लॉक समन्वयक एसबीएम अजय यादव, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी रवि रमण पाराशर, आजीविका मिशन के मनोज राठौर व वसीम खान सहित जन अभियान परिषद् के सहयोगी सर्व पवन भार्गव, नरेंद्र कुमार सेन, सचिन शर्मा, सतेंद्र सिंह रावत, वीरेंद्र कुमार जाटव एवं करैरा विकासखण?ड के दुर्ग सिंह लोधी परामर्शदाता, परमानंद प्रजापति, मुकेश प्रजापति, आनंद भार्गव, ब्रजेश लोधी (मामौनी खुर्द) , संतोष लोधी आमोल पठा, राममिलन लोधी बरौदी आदि उपस्थित रहे।

कोचिंग संस्थानों को बंद कराने हेतु नरवर तहसील एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन म.प्र.
जिला शिवपुरी, शाखा नरवर

रजि.नं. 01/01/01/26665/14

क्र...2021/R. दिनांक..09..07..21

प्रति,
श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय,
अनुविभाग करैरा
तह. नरवर जिला शिवपुरी (म.प्र.)

विषयः कोचिंग संस्थानों को बंद करवाने बावत्।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि इस कोरोनाकाल में तीसरी लहर को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक तीसरी लहर समाप्त नहीं हो जाती या इसकी आशंका खत्म नहीं हो जाती तब तक स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंगों में बच्चों को ऑफलाईन पढ़ाई नहीं करायी जा सकती है। केवल ऑनलाईन पढ़ाई करवाई जा सकती है।

परन्तु मुख्यमंत्री जी के निर्देशों को धता बताते हुए नियम कानून ताक पर रखकर खुलेआम कोचिंग शिक्षण संस्थान बच्चों को बुलाकर एक कमरे में 50-50 बच्चों को ठूंसकर बिना मास्क और बिना कोविड के नियमों का पालन करते हुए सुबह से शाम तक ऑफलाईन ट्यूशन दे रहे है जो कि संक्रमण के लिये खुला आमंत्रण है।।15 जून से लगातार ट्यूशन के नाम पर बच्चों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और प्रशासन मौन है।

प्रायवेट स्कूल और दूसरी शिक्षण संस्थान पिछले डेढ़ साल से बन्द है लेकिन कोचिंग संस्थाऐं पिछले साल भी खुलेआम चली और इस साल भी शुरू हो चुकी हैं बच्चों की भीड़ कोचिंगों पर जाकर देखी जा सकती है। जो कि नियमों के विरूद्ध कोरोना संक्रमण को खुला आमंत्रण है।

अतः प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन नरवर श्रीमान से मांग करता है कि जब तक शासन के स्पष्ट आदेश ऑफलाईन कक्षांऐ लगाने के लिए नहीं आते हैं तब तक नरवर-मगरौनी में संचालित ट्यूशन (कोचिंग क्लासेस) कक्षाऐं तुरन्त बंद करवाने की कृपा करें व ऐसा नियम विरूद्ध कार्य कर रहे कोचिंग संचालकों पर कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

सचिव
प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

शिवपुरी। तीसरी लहर को देखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट रूप से कहां है कि जब तक तीसरी लहर समाप्त नहीं हो जाती इसकी आशंका खत्म नहीं हो जाती जब तक स्कूलों कॉलेजों एवं कोचिंग में बच्चों को ऑफलाइन पढ़ाई नहीं कराई जा सकती केवल ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जा सकती है। परंतु मुख्यमंत्री के निर्देशों को ताक पर रखकर खुलेआम कोचिंग शिक्षण संस्थान बच्चों को बुलाकर एक कमरे में 50-50 बच्चों को भर कर बिना मास्क और बिना कोई कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सुबह से शाम तक ऑफलाइन ट्यूशन दे रहे हैं। जो कि संक्रमण के लिए खुला आमंत्रण है। 15 जून से लगातार ट्यूशन के नाम पर बच्चों की ?न्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और प्रशासन मौन है। प्राइवेट स्कूल और दूसरे शिक्षण संस्थान पिछले डेढ़ साल से बंद हैं। लेकिन कोचिंग संस्थान पिछले साल भी खुलेआम चले और इस साल भी शुरू हो चुकी हैं। बच्चों की भीड़ कोचिंग स्थलों पर जाकर देखी जा सकती है जो कि नियमों के विरुद्ध करोना संक्रमण खुला आमंत्रण है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नरवर मांग करता है कि जब तक शासन के स्पष्ट आदेश ऑफलाइन कक्षाएं लगाने के लिए नहीं आते हैं जब तक नरवर,मगरोनी में संचालित ट्यूशन कोचिंग क्लासेस कक्षाएं तुरंत बंद करवाने की कृपया करें वा ऐसा नियम विरुद्ध कार्य कर रहे कोचिंग संचालकों पर कार्यवाही की जाए।

सामाजिक सरोकार की मिसाल, निःशुल्क कर रहे है मरीजों का इलाज

कोरोना काल में जहां जीने के लिए आर्थिक मंदी थी, वहां मुफ्त इलाज किया डॉ. राकेश शर्मा व उनके साथियों ने

सचिन शर्मा, भिण्ड।

स्वास्थ विभाग में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होकर विगत तीन सालों से निःशुल्क इलाज कर लोगों की समाजसेवा कर रहे है। कोरोना संक्रमण काल में जहां चिकित्सक शुल्क लेकर भी मरीजों को चिकित्सा सलाह देने से परहेज करते नजर आ आये वहीं अनुभवी एवं परोपकारी कुछ चिकित्सक ऐसे भी हैं जो गरीब मरीजों को नियमित रूप से निशुल्क सलाह देते रहे। क्योंकि कोरोना काल में लोगों के पास आर्थिक मंदी थी ऐसे में इन्होंने लोगों को मुफ्त इलाज कर मानवता की मिसाल पेश की है। इनके द्वारा ओपीडी की सुविधा भी मरीजों को निशुल्क मिल रही है। विगत दिनों सुरपुरा में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया जो तीन दिनों तक चला, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने शिविर में पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य लाभ लिया। अब निज निवास सुरपुरा में स्थाई शिविर खोलकर लोगों का निशुल्क इलाज कर रहे हैं। इनके साथ इनकी टीम के साथी डॉक्टर शिवकुमार राजोरिया (आयुर्वेद) और डॉक्टर राधेश्याम शर्मा जो जनसरोकार में अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। इनके द्वारा रोज करीब 50-100 मरीजों अपना इलाज कराने स्थाई शिविर में पहुंच रहे है। हम बात कर रहे हैं जिले के जाने-माने शख्सियत 68 वर्षीय डॉक्टर राकेश शर्मा की। जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग में कई पदों पर रहकर सराहनीय कार्य उनके द्वारा किए गए। सन् 2004 में जिला टीकाकरण अधिकारी का दायित्व संभालते हुए तत्कालीन मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री उमा भारती ने इन्हें सम्मान से नवाजा था। 2018 में भिंड जिला स्वास्थ्य अधिकारी के पद से ये सेवानिवृत्त हुए। अब अपने गृह क्षेत्र सुरपुरा में सामाजिक सरोकार में लगे हुए हैं। एक खास चर्चा में डाक्टर राकेश शर्मा ने (राष्ट्रीय हिंदी मेल जिला संपादक,,)से बात करते हुए बतायी कि स्वर्गवासी चाचा चौधरी रामनिवास शर्मा की स्मृति में पिछले 3 सालों से लोगों की सेवा कर रहा हूं। महामारी के समय में मरीजों को फिजिकल रूप से देख कर उनका इलाज किया। वह कहते हैं कि डरे-सहमे आने वाले मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए इलाज शुरू किया। ऐसी स्थिति में दिन-रात में मरीज के आने वाले फोन पर भी उनकी हरसंभव मदद की। उन्होंने बताया की आसपास के क्षेत्र एवं जिले के लोगों को सस्ती दवाइयां और अच्छा इलाज मिल सके जिसके लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। सब कुछ अच्छा रहा तो आगे चलकर 100 बिस्तरों वाला अस्पताल खोलने की योजना है। जिसमें लोगों को अच्छा और सस्ता इलाज मिल सके। जिसमें मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार भी अपना इलाज आसानी से करा सकते हैं।

आयुर्वेद को बढ़ावा देना

डॉ राकेश शर्मा ने कहा कि हम लोग आयुर्वेद को भूलते जा रहे हैं । वही विदेशों में लोग एलोपैथिक की जगह आयुर्वेदिक का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण कम करने में आयुर्वेद औषधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं उन्होंने कहा की एलोपैथिक अपनी जगह है, लेकिन हमें आयुर्वेद औषधियों का भी उपयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत एक फार्मेसी खोलने का प्लान बन रहा है। ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ सस्ती और अच्छी दवाई भी आसानी से मिल सके।

लैब खोलने की योजना

उन्होंने कहा कि वैसे तो जिले भर में कई लैब मौजूद है फिर भी लोगों को अच्छी जांच के लिए ग्वालियर की लैबो का सहारा लेना पड़ता है। जिससे मरीजों का समय के साथ-रूपयो की भी अधिक बर्बादी होती है। यहां लैब खुलजाने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही अच्छी और सस्ती जांच की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाएगी और उनका रूपयों के साथ- साथ समय भी बचेगा।

चुनाव लड़ने से किया इनकार

चुनाव लड़ने की अफवाह पर उन्होंने कहा की ऐसा सुनाई में आ रहा है कि मैं चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा हूं ,यह बात बिलकुल गलत है। मैं कभी भी चुनाव नहीं लड़ूंगा और ना ही मेरी कोई तैयारी चल रही है।

बिजली बंद करने की कोशिश को तो पिटे बिजली कर्मचारी

बिल जमा न करने की वजह से ट्रांसफार्मर लेने पहुंचे थे कर्मचारी

भिण्ड। लहार क्षेत्र के रावतपुरा के नजदीक अखदेवा में गांववासियों ने बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। बिजली कर्मचारी बिल न जमा करने की वजह से लाईन अवरूद्ध कर जब अखदेवा गांव ट्रांसफार्मर उतारने पहुंचे तो ग्रामीणजनों ने उन्हें रोक दिया। फिर भी बिजली कर्मचारी एई और जेई की सह पर लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों ने पुनः ट्रांसफार्मर उतारने की कोशिश की तो ग्रामीणजनों ने उनके साथ मारपीट कर दी। यह घटना है गुरुवार शाम करीब पांच से साढ़े पांच बजे की है। उप महाप्रबंधक हरीश मेहता के मुताबिक असवार विद्युत उप केंद्र अंतर्गत ग्राम अखदेवा में आटा चक्की के लिए ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बिजली उपभोक्ता अरविंद दुबे ने करीब 5 साल से बिजली बिल जमा नहीं किया है। इस वजह से उपभोक्ता पर एक लाख से अधिक का बिल बकाया था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी उपभोक्ता बिजली बिल जमा नहीं कर रहा है। ऐसी हालत में बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर उतारने पहुंचे थे। तभी लाइनमैन रामकेश को बिजली वाहन से नीचे पटककर गांव के लोग मारपीट शुरू कर देते हैं। ट्रांसफार्मर उतारने के लेकर गांव के लोगों का विरोध है कि यह ट्रांसफार्मर उतर जाएगा तो गांव में अंधेरा हो जाएगा। गर्मी के मौसम में गांव में बिजली नहीं पहुंच रही है। बार-बार फॉल्ट आने पर बिजली कर्मी सुधारने नहीं आते है। गांव वासी इस ट्रांसफार्मर से बिजली जला रहे है। इस बात को लेकर गांव के लोगों ने ट्रांसफार्मर उतारने का विरोध किया था।

लाइनमेन को पिटता देखते रहे कर्मचारी

यह घटना का एक वीडियो भी जारी हुआ। वीडियो स्पष्ट तौर पर नजर आ रहा है कि गांव के लोग, बिजली कर्मियों से बहस कर रहे है। इस बहस के दौरान एई व जेई पीछे हट जाते है तो सुरक्षा गार्ड एक युवक को संभाल रहा है। इसी दौरान बिजली कंपनी के वाहन पर ट्रांसफार्मर उतार रहे लाइनमैन को वाहन पर खड़ा एक युवक रोक रहा है। परंतु लाइनमैन रामकेश अपना काम करता रहता है। इसी दौरान पीछे से एक युवक जाता है और लाइनमैन रामकेश को खींचकर वाहन के ऊपर से नीचे पटक देता है। इसके बाद लाइनमैन को बार-बार जमीन पर पटक कर मारपीट करता है। इस घटना के प्रत्यक्ष दर्शी एई और जेई बनते हुए दिखाई देते है। इसके बाद अन्य लाइनमैन का सहयोग करने के लिए उनके द्वारा कहा जाता है। तभी सुरक्षा गार्ड लाइनमैन को गांव वालों से बचाता है।

उप महाप्रबंधक पहुंचे थाने तब हुई एफआइआर

यह घटना की जानकारी महाप्रबंधक दिनेश सुखीजा और लहार सब डिवीजन के प्रभारी उप महाप्रबंधक हरीश मेहता को जानकारी दी जाती है। गांव वासियों की दबंगई के सामने जेई-एई और लाइनमैन भी रिपोर्ट दर्ज कराने से आना कानी करते है। इसके बाद उप महाप्रबंधक मेहता रात साढ़े नौ बजे रावतपुरा थाना पहुंचते है। इसके बाद ऐई निरंजन पुत्र टीकाराम सनोडिया द्वारा लाइनमैन रामकेश के साथ मारपीट की मामला दर्ज कराया। एई सनोडिया की शिकायत पर पुलिस ने अरविंद दुबे, आंशू दुबे, अभिषेक, रामबिहारी दुबे के खिलाफ मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर लिया।

इसलिए था गांव के लोगों में आक्रोश

गांव के लोगों में एई और जेई को लेकर आक्रोश बना हुआ है। गांव के लोगों का कहना है कि बिजली को लेकर बिजली कर्मी लापरवाह है। एक बार बिजली गांव की खराब होती है तो दो - दो दिन तक सुधारने कोई नहीं आता है। गांव की बिजली बंद होने पर यह ट्रांसफार्मर ही उन्हें गर्मी व अंधेरे से दूर करता है। इसलिए इस ट्रांसफार्मर को उतारने का विरोध कर रहे थे।

अज्ञात युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुरा के खेतों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। लहार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाते हुए जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक पृथ्वी पुरा गांव के सोनू गौतम में जानकारी देते हुए बतया कि कुडरिया वाले खेत ग्राम पृथ्वीपुरा के हार में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर जाकर पड़ताल की। शव एक सप्ताह पुराना है। मृतक की उम्र 60 साल से अधिक बताई जा रही है। मृतक बनियान और गमच्छा पहने हुए है। पुलिस ने आस पास गांव के लोगों से पड़ताल कराई। परंतु कोई पता नहीं लग सका है। मृतक की पहचान कराए जाने के लिए शव को पीएम हाउस में रखवा दिया है।

आधुनिक डेयरी एवं डेयरी उत्पाद आधारित वेबिनार ऑन-लाइन प्रशिक्षण

भिण्ड । उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल द्वारा भिण्ड जिले के युवाओं हेतु आधुनिक डेयरी एवं डेयरी उत्पाद आधारित उद्योग व्यवसाय स्थापनार्थ ऑनलाइन वेबिनार (प्रशिक्षण) का आयोजन 13 जुलाई से 17 जुलाई 2021 तक समय दोपहर 2:00 बजे से सायः 5:00 बजे तक पाँच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वेबिनार में दुधारू पशुओं की प्रमुख नस्ले, प्रजातियाँ की पहचान करना, दुधारू पशुओं के चयन की तरीका, आधुनिक डेयरी एवं डेयर उत्पाद प्रबंधन हेतु आधुनिक तरीके से पशु आवास व्यवस्था एवं बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया, पशुओं को आधुनिक तरीके से कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रिया की जानकारी, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी साथ ही रोग नियंत्रण की जानकारी, भारत सरकार/ मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न ऋण योजनाओं, अनुदान प्रक्रिया की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण की जानकारी, प्रोजेक्ट प्रोफाइल के संबंध में जानकारी, संतुलित पोषण आहार प्रबंधन, पोष्टिक आहार निर्माण प्रक्रिया की जानकारी एवं दुग्ध की गुणवत्ता का मूल्यांकन, टेस्टिंग प्रक्रिया, गांव स्तर पर दुग्ध का प्रसंस्करण कैसे करे, दुग्ध के विभिन्न उत्पाद निर्माण की अत्याधुनिक तकनीक के संबंध में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के माध्यम से जानकारी प्रदाय की जावेगी। कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए आप अपना पंजीयन जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा के मोबाइल नं. 7000299686 के माध्यम से भी करा सकते है।

कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए बच्चों पर बरतें एहतियात

सेव-द-चिल्ड्रन एवं मोडलेज इंटरनेशनल के सयुंक्त प्रयास से 10 नेब्यूलाईजर मशीन तथा 50 ऑक्सीजन मास्क किये भेंट

भिण्ड । आने वाले दिनों में कोरोना की तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा घातक हो सकती है विशेषज्ञों का अनुमान है कि हमें बच्चों के लिए विशेष एहतियात बरतने होगें। आने वाले समय में हम अपने स्वास्थ्य संसाधनों को और बेहतर बना सकें इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सेव-द-चिल्ड्रन एवं मोडलेज इंटरनेशनल के सयुंक्त प्रयास से 10 नेब्यूलाईजर मशीन तथा 50 ऑक्सीजन मास्क कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा के सानिध्य में कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में संस्था द्वारा भेंट किये गये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति थे।

विद्यार्थी परिषद् ने धूमधाम से मनाया 73 वं स्थापना दिवस

भिण्ड। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 73 वें स्थापना दिवस पर मेहगांव इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा संगोष्ठी और माल्यार्पण का कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद परिसर, नगर परिषद में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत कार्यकारणी सदस्य सचिन भदौरिया उपस्थित रहे। श्री भदौरिया ने बताया कि विद्यार्थी परिषद् आजादी के बाद से ही पिछले 73 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला एक मात्र छात्र संगठन है। अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बनकर विश्व के अनेक देशों में कार्यरत है। परिषद् की कार्यशैली, अनुशासन, राष्ट्रीय प्रेम परिषद् को अद्वितीय बना देता है। संगठन ने आज देश को ऐसा नेतृत्व दिया है, जो वर्तमान राजनीति में देश के विभिन्न क्षेत्रों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। नगर अध्यक्ष आनन्द मोहन जैन सर ने बताया की परिषद् के कार्यकर्ता वर्षभर हर परिस्थिति में छात्र हित और समाज के लिए कार्य करते है। वर्तमान में विश्व में फैली आपदा कोविड-19 दौरान कार्यकर्ताओं केसहयोग से आरोग्यम आभियान चलाकर गरीबों को राशन वितरण, रक्तदान, मास्क व सेनेटाइजर का वितरण, गांवों में सैनेटाइजेशन किया। इसी अभियान के अंतर्गत डोर टू डोर जा कर 4229 व्यक्तियो की जांच व स्वास्थय की जानकारी ली। हर तरह सामाजिक के कार्यों में प्रशासन की मदद की है। विद्यार्थी परिषद् की यही विशेषता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से सुशील चौधरी सर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास ने की। कार्यकृम के अंत में नगर इकाई उपाध्यक्ष मनोज कुशवाह ने किया इस दौरान अभिषेक डंडोतिया, अवनीश त्यागी, प्रशांत शर्मा, ऋषभ भदौरिया (गढ़ी), नितिन बघेल, नित्यम तिवारी आदि कार्यकर्ताओं सहित दो सैकड़ा से अधिक छात्र उपस्थिति रहे।

सुकन्या समृद्वि योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र बालिकाओं के डाकघर में खाते खोले अभिभावकः कलेक्टर

भिण्ड ।

म.प्र.शासन महिला एवं बाल विकास भोपाल के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान के अन्तर्गत समस्त पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्वि योजना के तहत डाक विभाग में खाते खुलवाए जाने है। इस योजनान्तर्गत डाक विभाग द्वारा विगत वर्षो से अभियान भी चलाया जा रहा है। शासन निर्देशानुसार शत प्रतिशत पात्र बालिकाओं के सुकन्या योजनान्तर्गत डाक विभाग में खाते खुलवाऐं। सुकन्या समृद्वि योजना की प्रमुख विशेषताऐं निम्नानुसार है।

सुकन्या समृद्धि खाते के बारे में जानकारी-सुकन्या समृद्धि योजना का खाता बेटी के जन्म से लेकर 10 वर्ष तक की आयु. तक के बीच खुलवाया जा सकता है। जमाकर्ता बेटी के नाम से सिर्फ एक ही खाता खोल सकता है। माता-पिता या संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग एक खाता खोल सकते हैं। यदि जुड़वा बेटियां हैं तो जन्म संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके बाद तीसरा खाता खोला जा सकता है।

खाता खोलने के लिए जरूरी राशि-अब सिर्फ 250 रुपए है। एक वित्तीय वर्ष में इस खाते में न्यूनतम 250 रुपए और अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए जमा किया जा सकेगा। यह पैसा अकाउंट खुलने के 15 साल तक ही जमा करवाना होगा।

खाता संचालन

बालिका के 10 वर्ष तक की आयु होने तक माता-पिता खाते को संचालित कर सकते हैं इसके बाद बेटी खुद खाता संचालित कर सकती है। इसके अलावा इस योजना के अंतर्गत किसी भी पोस्ट ऑफिस ब्रांच में अकाउंट खुलवाया जा सकता है। जमा राशि निकालने की शर्ते बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरा कर लेने के बाद ही सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में जमा राशि की केवल 50 फीसदी राशि निकाली जा सकती है। यदि किसी कारणवश बालिका की मृत्यु हो जाती है तो संरक्षक द्वारा खाता बंद कर दिया जाएगा और पूरी जमा राशि व्याज के साथ निकाल ली जाएगी।

खाता कब होगा मेच्योर

बेटी का खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष पूरा होने पर ही खाता मेच्योर होगा। बालिका का विवाह यदि 18 वर्ष के बाद या 21 वर्ष से पहले होता है तो शादी की तारीख के बाद खाता बंद कर दिया जाएगा। खाता बंद होने के बाद जमा रकम व्याज समेत निकाली जा सकती है।

आयकर में छूट का लाभ

सुकन्या समृद्धि योजना का खाता देश के किसी भी हिस्से में ट्रांसफर कराया जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खुलने वाले खातों को टैक्स से छूट मिलेगी। इस योजना के तहत खुलने वाले खातों को आयकर कानून की धारा 80-सी के तहत छूट दी जाएगी।

अनियमित भुगतान पर जुर्माना

अनियमित भुगतान अगर खाते में अनियमित भुगतान किया जाता है तो प्रति वर्ष कम से कम 50 रुपए का जुर्माना निर्धारित राशि के साथ लिया जाएगा।

खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज-

1- लड़की के जन्म का प्रमाण पत्र

2- माता-पिता का फोटो पहचान पत्र

3- अड्रेस प्रूफ बच्चे और माता पिता की तस्वीर

कैसे खोले खाता-खाता खोलने के लिए सबसे पहले फॉर्म भरे उसके साथ सारे दस्तावेजों को जमा करें, फिर फोटो के साथ कम से कम 250 रुपए जमा करें। अकाउंट या खाता खुलने के बाद आप पैसे चेक या डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा भी जमा कर सकते हैं। अधिकतम तीन खाते-खोले जा सकते हैं एक व्यक्ति द्वारा अधिकतम दो से तीन खाते खोले जा सकते हैं। इस योजना में दो ही खाते का प्रावधान है लेकिन अगर जुडवा लड़की है तो इस संबंध में आपको प्रमाण पत्र पेश करना होगा जिसके बाद आप तीसरा खाता खुलवा सकते हैं। किसी भी दशा में 3 से अधिक खाता नहीं खोला जा सकता है। खाते में न्यूनतम राशि 250 रुपए या अधिकतम राशि 1,50,000 वार्षिक जमा की सकती है। इस खाते की कुल अवधि 21 साल है और इस खाते पर व्याज 7.60 प्रतिशत का है।

कार्यालय प्रमुख नस्तियां कार्यालय अधीक्षक के माध्यम से भेजे

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि जिला अधिकारियों/कार्यालयीन लिपिकों द्वारा मेरे समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली अति-आवश्यक नस्तियां कार्यालय अधीक्षक के यहां पर दर्ज कराकर स्वयं सीधे मेरे समक्ष प्रस्तुत करते है एवं मेरे उपस्थित न होने पर अपने कार्यालय/शाखा में ले जाते है। अधीक्षक कार्यालय में जमा नहीं की जाती है। यह कार्य प्रणाली उचित नहीं है। कलेक्टर ने डॉ सतीश कुमार एस ने सभी कार्यालय प्रमुखों से कहा है कि मेरे समक्ष प्रस्तुत होने वाली नस्तियां अधीक्षक कार्यालय में संधारित पंजी पर दर्ज होकर अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत की जावे। जो फाईल अत्यंत महत्वपूर्ण है, वे फाईले अधीक्षक के यहां संधारित पंजी पर दर्ज कराकर स्वयं सीधे मेरे समक्ष प्रस्तुत करते है एवं मेरे उपस्थित न होने पर पुनः वे फाईल अधीक्षक कार्यालय में जमा करेगें।

संतुलन की कोशिश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले मंत्रिमंडल विस्तार में चुनावी जरूरतों के हिसाब से सामाजिक व क्षेत्रीय गणित साधने की कोशिश की है। यूपी के सात नए चेहरों में एक अगड़े के साथ चार पिछड़े और पहली बार अनुसूचित जाति के दो नए चेहरों को जगह देकर पहले से मौजूद चेहरों के साथ सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। इससे पीएम मोदी और भाजपा हाईकमान की 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी फतह की फिक्र साफ झलक रही है। सात नए चेहरों से एक तरह से 2022 के चुनावी चक्रव्यूह के सातवें यानी अंतिम द्वार को तोडने् की कोशिश का संदेश दिया है। विस्तार में न सिर्फ जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने बल्कि सोशल इंजीनियरिंग की पहचान रहे पुराने चेहरों का विकल्प भी तलाशने की कोशिश भी की गई है। अनुप्रिया पटेल को कैबिनेट में शामिल करके जहां गठबंधन को मजबूती से चलाने का संदेश दिया गया है तो संतोष गंगवार को हटाने की एवज में दो कुर्मी चेहरों को शामिल करके भाजपा के परंपरागत कुर्मी वोटों को साधे रखने का प्रयास किया गया है। विस्तार के बाद मंत्रिमंडल में पीएम मोदी सहित यूपी से 15 मंत्री हो गए हैं। पीएम मोदी ने कौशल किशोर और अजय मिश्र जैसे चेहरों को जगह देकर यह संदेश दिया है कि नेतृत्व की नजर एक-एक जनप्रतिनिधि पर है। मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने जिस तरह कोरोना महामारी और पंचायच चुनाव के दौरान सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे, उसे देखते हुए उनको मंत्रिमंडल में शामिल करके पीएम ने संभवत- यह साफ करने की कोशिश की है कि भाजपा पूरी तरह लोकतांत्रिक परंपराओं पर भरोसा करती है और अभिव्यक्ति की आजादी की भी पक्षधर है। साथ ही कौशल को सरकार का हिस्सा बनाकर उन्हें भी व्यवस्थाओं को सुधार कर खुद को साबित करने का मौका दिया है। मोदी के मंत्रिमंडल में अब तक यूपी से खुद मोदी सहित पिछड़े वर्ग के चार, दो ठाकुर, एक ब्राह्मण, एक सिख, एक पारसी शामिल थे। सात नए मंत्रियों को शामिल करने के बाद प्रदेश के 15 मंत्रियों में सात पिछड़े, दो ब्राह्मण, दो ठाकुर, एक सिख, एक पारसी और अनुसूचित जाति के दो चेहरे हो गए हैं। पिछड़ों में कुर्मी जाति से संबंधित बृज क्षेत्र के संतोष गंगवार को मंत्रिमंडल से हटाया गया है तो पूर्वांचल में गोरखपुर से लगे महराजगंज से छह बार के सांसद कुर्मी बिरादरी के पंकज चौधरी और वाराणसी से लगे मिर्जापुर से दूसरी बार की सांसद व भाजपा के सहयोगी अपना दल की अनुप्रिया पटेल को शामिल कर कुर्मियों की नाराजगी से बचने की कोशिश की गई है। साथ ही बृज क्षेत्र को लोगों को संतुष्ट करने के साथ जातीय गणित के मद्देनजर सोशल इंजीनियरिंग के बड़े चेहरे कल्याण सिंह के करीबी बदायूं के बीएल वर्मा तथा बसपा व सपा छोड़कर भाजपा में आए आगरा से सांसद डॉ. एसपी सिंह बघेल को मंत्री बनाकर इस क्षेत्र के लोध, पाल, बघेल, गड़रिया जैसी जातियों को जोड़े रखने की कोशिश की गई है। साथ ही भाजपा के लिए पिछड़े वर्ग के नए चेहरों को आगे लाकर भविष्य की जरूरतों को पूरा करने की तैयारी की गई है। लखनऊ से लगी मोहनलालगंज संसदीय सीट से दूसरी बार सांसद कौशल किशोर और जालौन से पांचवी बार के सांसद भानुप्रताप वर्मा को शामिल कर अवध व बुंदेलखंड क्षेत्र की एससी आबादी को भाजपा के साथ लामबंद रखने की कोशिश की गई है।

महंगाई की मार से बेहाल हैं लोग

रमेश सर्राफ धमोरा

केंद्र सरकार ने हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी करके महंगाई से बेहाल देश की जनता को एक और झटका दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतो से देश का आम जन पहले से ही पूरी तरह पिसा हुआ है। ऊपर से घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करना आम आदमी के लिए बहुत ही दुखदाई होगी। देश में आज पेट्रोल और डीजल एक सौ रुपए से अधिक प्रति लीटर की दर पर बिक रहे हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमत बढ़ाना बहुत बरा फैसला है। पिछले चैदह महिनो से लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिलना भी बंद है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी के बाबत पिछले दिनों पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बयान भी दिया था कि कोरोना संकट के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के दामों को कम करना मुनासिब नहीं है। प्रधान का यह बयान उन मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है। जिन्होंने भाजपा को गरीबों की हितैषी पार्टी मानकर लगातार दो बार भारी बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने का समर्थन दिया था। देश की जनता पिछले सवा साल से लगातार कोरोना संक्रमण को झेल रही है। इस दौरान अधिकांश समय देश में लाकडाउन लगने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा है। ऐसे में काम धंधे बंद होने से आम आदमी के रोजगार के अवसर समाप्त होने से उनके आय के स्त्रोत बंद हो गये। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई और लगातार कम होते काम के अवसर ने देश की जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा खाद्य पदार्थों की कीमतो में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। खाने का तेल दुगुनी दर पर बिक रहा है। कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों पर कस्टम एंड एक्साइज ड्यूटी से खूब कमाई हुई है। सरकार को अप्रत्यक्ष कर से आने वाला राजस्व बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 20-21 में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 37 हजार 806.96 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी वसूली गई। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 4.13 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को कस्टम ड्यूटी के रूप में 46 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 2.42 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई। अब अगर दोनों तरह की टैक्स वसूली को देखें तो सरकारी खजाने में 2019-20 में कुल 2.88 लाख करोड़ रुपए जमा हुए। महंगे पेट्रोल-डीजल से केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ गई है। जो पहले से ही कोरोना महामारी की मार झेल रही है। केन्द्र सरकार को तत्काल पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाकर लोगों को महंगाई से राहत देनी चाहिये।

केन्द्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के बावजूद भी सरकार का कर संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार के नुमाइंदों का कहना है कि देश की जनता को कोरोना वैक्सीन के टीके मुफ्त में लगाए जा रहे हैं। जिन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए सरकार को टैक्स में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। मगर सरकारी सूत्रों के अनुसार ही देश के लोगों के टीकाकरण पर अधिकतम 40 हजार करोड रुपए खर्च होंगे। जबकि सरकार ने कोरोना संक्रमण के बाद बढ़ाए गए टैक्स से कई लाख करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया है।

केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनो सात लाख करोड़ रूपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। पैसों के अभाव में लोगों से बिजली के बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। जिन्होंने बैंकों से लोन ले रखा है उनकी किस्तों की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऊपर से निजी स्कूल वाले भी बिना पढ़ाई बच्चों से जबरन फीस वसूल रहे हैं। जो गरीबों पर सीधा कुठाराघात है।

कोरोना संक्रमण के दौरान बीमार हुए लोगों को उपचार पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ा है। जिसकी भरपाई का लोगों को कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोरोना से मरने वाले लोगों को सरकारी स्तर पर कुछ मुआवजा मिलने की संभावनाएं बनी है। मगर अधिकांश लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना से मौत होना दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसे में उन लोगों को मुआवजा मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। यदि केन्द्र सरकार चाहे चाहे तो अस्पतालों को निर्देशित कर सकती है कि कोरोना संक्रमण के दौरान जिनकी वास्तव में कोरोना से मौत हुई है। उनको कोरोना से मौत का प्रमाण मृत्यु पत्र दिया जाये ताकि उनको भी मुआवजा मिल सके।

देश में कोरोना की प्रथम लहर के दौरान ही सरकार ने रेल सेवा पूरी तरह से बंद कर दी थी। कई महीनों के बाद सरकार ने कुछ रेलगाड़िया प्रारंभ की है। जिनमें सफर करने के लिए लोगों को पहले से अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार वर्तमान में संचालित सभी रेलगाड़ियों को स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही है। जिसका किराया सामान्य से काफी अधिक होता है। चूंकि रेलगाड़ियों में अमूमन आम आदमी यात्रा करता है जो पहले ही कोरोना के कारण आर्थिक मार से परेशान है। ऐसी स्थिति में उससे रेल भाड़े के रूप में भी अधिक राशि वसूल करना केन्द्र सरकार का न्याय संगत फैसला नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि मैं दिन-रात देश की जनता की उन्नति की बातें सोचता हूं व करने का प्रयास करता हूं। मगर ना जाने वह मौजूदा स्थिति से क्यों अनजान बने हुए हैं। देश का आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग को ऐसा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है जिससे आगे चलकर वह अपनी कोरोना आने से पहले की जिंदगी बसर कर सके। गांव में तो स्थिति और भी खराब हो रही है। कोरोना के कारण शहरों से पलायन कर अपने गांव आए हुए लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। चूंकि गांव से शहर वही लोग गए थे जिनके समक्ष गांव में रोजी रोटी का संकट था। अब लॉकडाउन में वो लोग फिर से अपने गांव आने को मजबूर हुए हैं। जहां उनके पास रोजगार का कोई साधन नहीं होने से वह बदतर जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं।

हालांकि केंद्र सरकार ने प्रति व्यक्ति पांच किलो गेंहूं प्रतिमाह मुफ्त में देने की घोषणा की है। मगर व्यक्ति को जिंदगी जीने के लिए गेहूं के साथ अन्य बहुत सी चीजों की जरूरत होती है। जिनको खरीदने के लिए उसके पास पैसा नहीं है। केन्द्र सरकार को शीघ्र अति शीघ्र महंगाई को काबू में करने के उपाय करने चाहिए। सिर्फ कागजी घोषणाओं से ही लोगों का भला नहीं होने वाला है।

केन्द्र को आम लोगों के हित की योजनाओं को धरातल पर उतारना होगा। अन्यथा बेरोजगारी के साथ महंगाई से त्रस्त देश की जनता लंबे समय तक चुप बैठने वाली नहीं है। देश में बढ़ रही महंगाई का धनवान लोगों पर तो कोई असर नहीं है। मगर आम नागरिकों पर सीधा असर पड़ता है। किसी भी सरकार को बनवाने वह हटवाने में आम आदमी की ही सबसे बड़ी भूमिका होती है। अतः समय रहते केंद्र सरकार को महंगाई पर रोक लगाकर आम आदमी की पूरी मदद करनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश में अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव का सियासी गठजोड़ फायदे से ज्यादा राजनीतिक मजबूरी है

अशोक भाटिया

उत्तर प्रदेश में कहने को तो चुनाव बहुकोणीय होना वाला है। लेकिन, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक परिस्थितियां बदलेंगी, ये तय है। संजय सिंह और अखिलेश यादव की मुलाकात इसका सबसे ताजा उदाहरण कहा जा सकता है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच हुई मुलाकात ने उत्तर प्रदेश में एक नए राजनीतिक समीकरण की सुगबुगाहट को हवा दे दी है।हालांकि, संजय सिंह ने अखिलेश यादव से हुई मुलाकात को %शिष्टाचार भेंट% के तौर पर पेश किया। लेकिन, ये भी माना कि सूबे की हालिया राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई। एक टी वी चैनल के दिए इंटरव्यू में आप सांसद ने गठबंधन को लेकर किसी भी चर्चा से इनकार किया है । लेकिन, ये कहने से नहीं चूके कि उत्तर प्रदेश के %हित% में जो होगा, हम वो फैसला लेंगे. दरअसल, यूपी विधानसभा चुनाव 2022 का सेमीफाइनल माने जा रहे जिला पंचायत चुनाव में पंचायत सदस्यों के मामले में भले सपा आगे रही हो। लेकिन, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में भाजपा ने चुनावी प्रबंधन में सपा के %नाकों चने चबवा% दिए। प्रदेश में बसपा और कांग्रेस फिलहाल हाशिये पर हैं। हालांकि, कांग्रेस को लेकर फिर भी कहा जा सकता है कि प्रियंका गांधी वाड्रा के चेहरे के सहारे पार्टी कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। लेकिन, बसपा सुप्रीमो मायावती लगातार अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने को उतारू नजर आ रही हैं। सत्ताधारी भाजपा को निशाने पर लेने की जगह मायावती लगातार सपा पर ही हमलावर दिखती हैं. बसपा सुप्रीमो के बयानों से लगता है कि वो अपनी पार्टी के सियासी समीकरण सुधारने से ज्यादा भाजपा के खिलाफ सपा को प्रमोट कर रही हैं। आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण तो कर दिया है.

लेकिन, अभी भी पार्टी की भूमिका %वोटकटवा% से ऊपर नहीं बन सकी है। भाजपा के सामने एक मजबूत छवि वाले गठबंधन के तौर सपा और आप का साथ आना बेहतर सियासी विकल्प हो सकता है। अगर ये गठबंधन वास्तविकता को प्राप्त कर लेता है, तो केवल आप को ही नहीं सपा को भी काफी हद तक फायदा होगा। दरअसल, सपा और आप दोनों ही भाजपा विरोधी विरोधी वोटों को अपने साथ लाने की कवायद में हैं। वहीं, कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने भाजपा को काफी हद तक बैकफुट पर डाल दिया है। भाजपा से छिटके इन वोटों में बिखराव को कम करने में दोनों पार्टियों का गठजोड़ काफी हद तक प्रभावी कहा जा सकता है।

राम मंदिर निर्माण में कथित जमीन घोटाले के आरोपों पर मुखर होकर सामने आई आप के सपा के साथ आने पर मुस्लिम वोटरों का भरोसा और ज्यादा बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। अखिलेश यादव ने इस कथित घोटाले को लेकर ज्यादा बयानबाजी नहीं की है, जो मुस्लिम वोटों को उनसे छिटका सकती है। वहीं, सपा और आप का ये गठजोड़ असदुद्दीन ओवैसी के संभावित प्रभाव को पूरी तरह से कमजोर करने की ताकत रखता है। इन दोनों पार्टियों के एक साथ आने से कांग्रेस और बसपा के अपने काडर वोट तक ही सीमित हो जाने की संभावना भी बढ़ जाएगी. कहा जा सकता है कि सपा और आप के साथ आने से खेला होई का चुनावी नारा काम कर सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा को दो विधानसभा चुनाव में सीधे तौर पर मात दे चुके हैं। केजरीवाल ने दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के सहारे लोगों के बीच अपनी छवि को चमकाया है। केजरीवाल की झाड़ू बीते पंजाब विधानसभा चुनाव से लेकर हाल ही में हुए गुजरात निकाय चुनाव में चलता रहा है।

विदेश नीति किसके भरोसे ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अफगानिस्तान से अमेरिकी फौजें जैसे सिर पर पाँव रखकर भागी हैं, क्या उससे भी भारत सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। बगराम सहित सात हवाई अड्डों को खाली करते वक्त अमेरिकी फौजियों ने काबुल सरकार को खबर तक नहीं की। नतीजा क्या हुआ? बगराम हवाई अड्डे में सैकड़ों शहरी लोग घुस गए और उन्होंने बचा-खुचा माल लूट लिया। अमेरिकी फौज अपने कपड़े, छोटे-मोटे कंम्प्यूटर और हथियार, बर्तन-भांडे-फर्नीचर वगैरह जो कुछ भी छोड़ गई थी, उसे लूटकर काबुल में कई कबाड़ियों ने अपनी चलती-फिरती दुकानें खोल लीं। यहां असली सवाल यह है कि अमेरिकियों ने अपनी बिदाई भी भली प्रकार से क्यों नहीं होने दी ? गालिब के शब्दों में 'बड़े बेआबरु होकर, तेरे कूचे से हम निकले।' क्यों निकले ? क्योंकि अफगान लोगों से भी ज्यादा अमेरिकी फौजी तालिबान से डरे हुए थे। उन्हें इतिहास का वह सबक याद था, जब लगभग पौने दो सौ साल पहले अंग्रेजी फौज के 16 हजार फौजी जवान काबुल छोड़कर भागे थे तो उनमें से 15 हजार 999 जवानों को अफगानों ने कत्ल कर दिया था। अमेरिकी जवान वह दिन नहीं देखना चाहते थे। लेकिन उसका नतीजा यह हो रहा है कि अफगान प्रांतों में तालिबान का कब्जा बढ़ता चला जा रहा है। एक-तिहाई अफगानिस्तान पर उनका कब्जा हो चुका है। कई मोहल्लों, गांवों और शहरों में लोग हथियारबंद हो रहे हैं ताकि गृहयुद्ध की स्थिति में वे अपनी रक्षा कर सकें।

डर के मारे कई राष्ट्रों ने अपने वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए हैं और काबुल स्थित राजदूतावासों को भी वे खाली कर रहे हैं। भारत ने अभी अपने दूतावास बंद तो नहीं किए हैं लेकिन उन्हें कामचलाऊ भर रख लिया है। अफगानिस्तान में भारत की हालत अजीब-सी हो गई। तीन अरब डॉलर वहां खपानेवाला और अपने कर्मचारियों की जान कुर्बान करनेवाला भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा है। भारत की वैधानिक सीमा (कश्मीर से लगी हुई) अफगानिस्तान से लगभग 100 किमी. लगती है। अपने इस पड़ौसी देश के तालिबान के साथ चीन, रूस, तुर्की, अमेरिका आदि सीधी बात कर रहे हैं और दिग्भ्रमित पाकिस्तान भी उनका दामन थामे हुआ है लेकिन भारत की विदेश नीति बगलें झांक रही है। यह ठीक है कि भाजपा में विदेश नीति के जानकर नहीं के बराबर हैं और मोदी सरकार नौकरशाहों पर पूरी तरह निर्भर है। आश्चर्य है कि नरेंद्र मोदी ने दक्षता के नाम पर अपने लगभग आधा दर्जन वरिष्ठ मंत्रियों को घर बिठा दिया।

लेकिन विदेश नीति के मामले में उनकी कोई मौलिक पहल नहीं है। इस समय भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी चुनौती अफगानिस्तान है। उसके मामले में अमेरिका का अंधानुकरण करना और भारत को अपंग बनाकर छोड़ देना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। यदि अफगानिस्तान में अराजकता फैल गई तो वह भारत के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदेह साबित होगी।

प्रार्थना की पुकार

यदि प्रार्थना सच्ची हो तो परमपिता परमेश्वर उस प्रार्थना को जरूर ही सुनते हैं। परमपिता परमेश्वर अत्यंत कृपालु और दयालु हैं, परंतु प्रार्थना के लिए भी हृदय का पवित्र और निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। मन का पवित्र होना, अहंकार और अभिमान से रहित होना नितांत आवश्यक है। ऐसे पवित्र-हृदय-अंत- करण से उत्पन्न हुए भाव ही प्रार्थना हैं। हृदय की पवित्रता का अर्थ है अपने आपको सांसारिक तुच्छ विषय-वासनाओं की आसक्तियों से मुक्त कर लेना। सब तरह की आसक्ति से रहित होना ही हृदय की पवित्रता है। किसी तपस्वी ने ठीक ही कहा है- सच्चे-वास्तविक जीवन को पाने की आकांक्षा उत्पन्न होना ही प्रार्थना है। हमारे भीतर हृदय में जिसकी खोज होगी, भीतर जिस चीज को पाने की प्यास होगी- तो, ही हम उस दिशा में जा सकेंगे। प्रार्थना होती है आत्म बोध से। आत्मबोध में ही परमार्थ की प्यास जगती है और तुच्छ स्वार्थी का परित्याग होता है। प्रार्थना है- परिपूर्ण समर्पण, अपने अहंकार के बोझ को अपने सिर से उतार फेंकना और उसके पावन चरणों में अपना सिर झुका देना। जो प्रभु की कृपाएं और उनका अनुग्रह चाहता है उसे चाहिए कि वह किसी से भी किसी तरह का वैर-विरोध न करे। वह सत्य बोले, वह असत्य, छल-कपट, निंदा-चोरी आदि से हमेशा दूर रहे। अपनी इंद्रियों पर हमेशा संयम रखे, किसी भी प्रकार का लोलुप-लालची न हो। वह कभी अहंकार अभिमान न करे, शत्रु-द्वेष को छोडकर मन को शुद्ध पवित्र रखें। प्रार्थना की शक्ति बहुत ही अद्भुत है। वह भगवान को भक्त का उद्धार करने के लिए अवश्य ही बाध्य कर देती है, परंतु प्रार्थना सच्ची हो, हृदय से हो। भगवान ने प्रार्थना मीरा की सुनी, बुद्ध की सुनी, उन सबकी सुनी जिन्होंने परहित के लिए उन्हें याद किया। वह हर मानव मन में चल रहे भाव-कुभाव को अच्छी तरह से जानते हैं। अत- उसके समक्ष जब भी जाएं, शुद्ध भाव रखें।

सुहाना सफर और ये मौसम हंसीं - कहां गुम हो गए ट्रेजेडी किंग दिलीप कुमार !

ऋतुपर्ण दवे

वो हिन्दी फिल्मों के ट्रेजेडी किंग थे। वो हिन्दी फिल्मों की नई ऊंचाइयों के दौर के लीजेण्ड यानी महान चरित्र अभिनेता थे। नए दौर की फिल्मों के बेहतरीन कलाकार, बेहद अनुशासित और जिम्मेदार शख्सियत थे। वो अकेले हिन्दी फिल्मों के ऐसे जीवन्त किरदार थे जिनकी नकल कर बिना छुपाए लोग फक्र से कहते थे कि हमने दिलीप जी की कॉपी की है। वो यूसुफ खान से दिलीप कुमार बने लेकिन नाम के इस अंतर ने कभी उनकी पहचान में कोई फर्क नहीं किया। सच में वो एक असली नायक थे। भारतीय फिल्मों को ऊंचाइयों पर ले जाने वाले सदी के वो नायक जिसने अपनी भूमिका और छवि में कभी कोई आंच नहीं आने दी। वह दिलीप कुमार ही थे जो अपनी भूमिकाओं यानी मेथड ऑफ ऐक्टिंग में कुछ इस तरह डूब जाते कि मानों सब कुछ सच हो, जीवंत हो। पर्दे पर भी उनकी दिखने वाली यही हकीकत उनकी खास पहचान बन गई। देखते ही देखते सारे देश के हीरो बन गए, प्रशंसकों की आंखों का तारा बन गए। सबके, सबसे चहेते बन गए जिसकी आलोचना का कभी कोई आधार ही नहीं बन सका।

दिलीप कुमार फिल्म इण्डस्ट्री की वह विरली, बेहद दमदार और भरपूर शख्सियत थे जो हर बात को पूरी शिद्दत, वजनदारी और तर्कों से रखते या कहते थे। वो जैसे थे वैसे ही दिखते थे। उनके अभिनय और जीवन का यही तालमेल जहां उनकी फिल्मों की सफलता का राज था वही खुशहाल जिन्दगी की वजह थी। शायद इसीलिए फिल्म इण्डस्ट्री के अकेले सफल और निर्विवाद अभिनेताओं में दिलीप कुमार ही शुमार हैं जिनका विवादों से कभी कोई नाता जुड़ ही नहीं सका। यकीनन दिलीप कुमार का जाना हिन्दी फिल्मों के एक स्वर्णिम युग के एक अध्याय के अंत जैसा है। यकीनन दिलीप जी अभिनय की एक जिन्दा यूनिवर्सिटी थे। दौर बदलता रहा लेकिन उनकी पहचान अंत तक नहीं बदल सकी। तीन पीढ़ियों के वो बेहद गंभीर और लोकप्रिय अभिनेता थे। 1940 के दशक से लेकर 1990 तक 50 बरसों के सफर में उनके प्रेरक और सामाजिक डॉयलाग्स के बीच पीढ़ियां, बच्चे से बड़ी हुई, बड़े से जवान और जवान से बूढ़ी हुई। 1944 में ज्वार भाटा फिल्म से अपने कैरियर की शुरुआत से लेकर 1998 में आखिरी फिल्म किला तक का सफर इतना रौबदार और शानदार है कि उसके लिए जितना लिखा जाए कम है। हजारों पन्ने भी कम पड़ जाएंगे। उन पर पीएडी भी भविष्य में एक विषय हो सकता है। यकीनन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की श्रध्दांजलि के ट्वीट में दिलीप जी के निधन को सांस्कृतिक दुनिया की क्षति बताना उनके करिश्माई व्यक्तित्व की अनुभूति कराने जैसा है। 11 दिसंबर, 1922 को परतंत्र भारत के पेशावर के किस्सा ख्वानी बाजार में लाला गुलाम सरवर खान और आयशा बेगम के घर में जो अब पाकिस्तान में है जन्में यूसुफ खान उर्फ दिलीप कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नाशिक में पूरी की। उनकी मुलाकात बॉम्बे टाकीज फिल्म प्रोडक्शन हाउस की मालकिन देविका रानी से हुई जो उस दौर की मशहूर अदाकारा थीं। उन्होंने फिल्मों में काम दिलवाया। उन्होंने ने ही यूसुफ खान नाम बदलने को कहा जिससे पहले दिलीप कुमार हैरान रह गए जो बाद में हुआ। अपनी आत्मकथा ÷दिलीप कुमार- वजूद और परछाई÷ में दिलीप कुमार ने इस पर विस्तार से लिखा है। आत्मकथा में बचपन का जिक्र करते हुए लिखा है कि एक फकीर ने उनके बारे में ऐलान किया था कि ये कोई आम बच्चा नहीं है। उनकी दादी को बताया कि यह तो बेहद मशहूर होने और असाधारण ऊंचाइयों को छूने के लिए ही आया है। इसका खूब ध्यान रखना। अगर बुरी नजरों से बचा लिया तो बुढ़ापे तक खूबसूरत रहेगा। हमेशा काला टीका लगाकर रखना। सच में उनके चेहरे की खूबसूरती का वही नूर आखिर तक झलकता रहा। दिलीप कुमार की जितनी पकड़ उर्दू भाषा पर थी, वैसी ही गजब की पकड़ हिन्दी पर भी थी और इस दौर की हिंग्लिश पर भी।

वह किताबों के भी बेहद शौकीन थे। उपन्यास, नाटक, जीवनियां, क्लासिक साहित्य पढ़ने में जबरदस्त दिलचस्पी थी। टेनिसन विलियम्स, फ्योदोर दास्तोव्यस्की और जोसेफ कोनराड उनके प्रिय लेखकों में रहे हैं। जहां राज कपूर उनके बचपन में ही दोस्त बन गए थे वहीं देविका रानी ने फिल्मों में काम दिलाया।

22 साल की उम्र में पहली फिल्म ज्वार भाटा मिली। अभिनेत्री नूर जहां के साथ उनकी जोड़ी हिट हुई। 1947 में शौकत हुसैन रिजवी के निर्देशन में बनी रोमांटिक फिल्म जुगनू में उनके साथ नूरजहां, गुलाम मोहम्मद, जिलो, लतिका, शशिकला और पार्श्व गायक मोहम्मद रफी ने भी काम किया। यह तबकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी। 1948 की शहीद और मेला भी उनकी सफल फिल्में रहीं। 1949 में आई फिल्म अंदाज तो और भी सफल रही जिसमें राज कपूर और नरगिस भी उनके साथ थे। 1950 के बाद तो उन्होंने सिर्फ दमदार फिल्में और उनके सदाबहार गीतों में अभिनय किया जिनमें आन (पहली टेक्नीकलर फिल्म), तराना, संगदिल, अमर, इंसानियत, नया दौर आजाद, लीडर, दाग, गोपी, यहूदी, मधुमति, पैगाम, कोहिनूर, राम और श्याम शामिल हैं। वहीं 1960 में सबसे मंहगी भारतीय फिल्म मुगल-ए-आजम भी उस दौर में सबसे ज्यादा लोकप्रिय और कमाई करने वाली फिल्म बनीं। इन फिल्मों ने उन्हें भारतीय सिनेमा जगत में ट्रैजेडी किंग के रूप में स्थापित किया। तबकी मशहूर अभिनेत्री मधुबाला और वैजयंती माला के साथ दिलीप कुमार ने कई फिल्में की। उनकी अदाकारी तो बेहद दमदार होती ही थी लेकिन उनकी फिल्मों के संगीत भी सबसे अलग हुआ करते थे। दोनों के चलते ही दिलाप कुमार का वो जादू भारतीय जनमानस पर जो आज भी जस का तस बरकरार है।

सबसे ज्यादा अवार्ड हासिल करने वाले दिलीप कुमार का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। 1954 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पहला फिल्म फेयर अवार्ड जीतने वाले पहले अभिनेता थे जिन्हें बार 8 फिल्म फेयर अवार्ड, 1991 में पद्मभूषण सम्मान, 1994 तें दादा साहेब फाल्के अवार्ड और 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। सन् 2000 से 2006 तक वह राज्य सभा के सदस्य भी रहे। 1998 में उन्हें पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ नागरिक सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा गया।

बच्चे के सवाल पर भड़कीं प्रियंका चोपड़ा, शादी के बाद इन ऐक्ट्रेसेस ने भी किया पहले करियर पर फोकस

पिछले दिनों अनुष्का शर्मा के मां बनने के मौके पर प्रियंका चोपड़ा का एक बयान सुर्खियों में आ गया था कि वह 11 बच्चों की मां बनना चाहती हैं और पूरी क्रिकेट टीम बनाना चाहती हैं। हालांकि अब बच्चे के सवाल पर हालिया एक इंटरव्यू में बच्चे के सवाल पर प्रियंका चोपड़ा भड़क गई हैं। वैसे प्रियंका अकेली ऐसी ऐक्ट्रेस नहीं हैं जिन्होंने शादी के बाद पहले करियर को प्राथमिकता दी है। बॉलिवुड की कई और ऐक्ट्रेसेस ने शादी के बाद बच्चे से पहले करियर को प्राथमिकता दी है। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने दिसंबर 2018 में शादी की थी। इस बात को 2 साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक इस कपल की तरफ से गुड न्यूज नहीं आई है। 11 बच्चों वाले बयान पर हाल में प्रियंका ने कहा कि यह उनका काफी पुराना बयान है। वह इस सवाल पर झुंझला गईं और बोलीं कि केवल उनकी फिल्म से जुड़े सवाल पूछे जाएं और जब उन्हें और निक को ठीक लगेगा तब वह बच्चे पैदा करेंगे। विराट कोहली-अनुष्का शर्मा की शादी 11 दिसंबर 2017 में हुई थी। हालांकि शादी के बाद विराट और अनुष्का ने अपने-अपने करियर पर फोकस करना शुरू कर दिया। शादी के बाद अनुष्का ने न केवल अपने फिल्मी करियर पर ध्यान दिया बल्कि अपने प्रॉडक्शन हाउस के तले कई फिल्मों को प्रड्यूस भी किया। हाल में 11 जनवरी को अनुष्का अपनी पहली बच्ची की मां बनी हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी 20 अप्रैल 2007 में हुई थी। हालांकि शादी के बाद इन दोनों ने ही बच्चे के बजाय अपने करियर पर फोकस किया। कई सुपरहिट फिल्में करने और करियर में काफी ऊंचाई तक पहुंचने के बाद ऐश्वर्या ने 16 नवंबर 2011 में आराध्या को जन्म दिया। सोनम कपूर ने अपने बॉयफ्रेंड आनंद अहूजा से 8 मई 2018 में शादी की थी। इसके बाद सोनम फिल्मों में कम ही ऐक्टिव रही हैं लेकिन उन्होंने इसी बीच वीरे दी वेडिंग, एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा, द जोया फैक्टर जैसी फिल्मों में काम किया है जिन्हें क्रिटिक्स ने काफी सराहा है। सोनम अभी भी अपने पहले बच्चे की जल्दबाजी में नहीं दिखाई दे रही हैं। करीना कपूर ने सैफ अली खान के साथ 16 अक्टूबर 2012 में शादी की थी। शादी के बाद करीना कपूर ने अपने करियर की कुछ अच्छी फिल्में दीं। साल 2016 में तैमूर के पैदा होने से पहले करीना ने सत्याग्रह, सिंघम रिटर्न्स, बजरंगी भाईजान, की ऐंड का, उड़ता पंजाब जैसी फिल्में दीं जिनमें करीना के काम को काफी पसंद किया गया। अब करीना जल्द ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने नवंबर 2018 में शादी की थी। हालांकि शादी के बाद इन दोनों को ही बच्चे की कोई जल्दी नहीं है और दोनों अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं। शादी के बाद दीपिका और रणवीर दोनों ने अपने करियर की बेहतरीन फिल्में दी हैं।

रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर होगी बॉलिवुड की सबसे महंगी फिल्म?

रितिक रोशन के बर्थडे (10 जनवरी) पर उनकी अपकमिंग फिल्म च्फाइटरज् का 30 सेकंड का टीजर रिलीज किया गया। इस फिल्म को लेकर फैन्स काफी एक्साइटेड हैं। रितिक के साथ इसमें दीपिका पादुकोण दिखाई देंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का बजट काफी तगड़ा है और इसमें कुछ जबरदस्त ऐक्शन सीन दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि यह बॉलिवुड की सबसे महंगी फिल्म होगी। 250 करोड़ बजट में बन रही है फिल्म? फिल्म में रितिक रोशन एयरफोर्स पायलट का रोल निभाएंगे। फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद हैं। उन्होंने च्वॉरज् और च्बैंग बैंगज् जैसी फिल्में बनाई हैं। च्फाइटरज् के बारे में बताया जा रहा है कि इसका बजट 250 करोड़ के आसपास है। रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म में धड़कनें बढ़ाने वाले फाइट सीन और चेज सीक्वेंस होंगे।

अगले साल सितंबर में रिलीज होगी फिल्म: फिल्म में दीपिका पादुकोण का क्या रोल होगा, यह खुलासा अब तक नहीं हुआ है। मूवी में दर्शकों को देशभक्ति के साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा। च्फाइटरज् की शूटिंग 2021 दिसंबर में शुरू होगी। वहीं इसे 30 सितंबर 2022 में रिलीज करने का प्लान है।

रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक, फैंस बोले- तू चल जइबू त हम जियब कैसे...

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पॉप्युलर ऐक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाले स्टार्स में से एक है। उनके चाहने वाले उनकी पोस्ट्स का बेसब्री का इंतजार करते रहते हैं। उनके फैंस को अब उनसे जुड़ी अपडेट्स जानने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लिया है। अब वह कुछ दिनों तक फेसबुक और इंस्टाग्राम से दूर रहेंगी। रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा है, ये शायद सोशल मीडिया पर मेरी आखिरी पोस्ट होगी। कुछ दिनों के लिए ब्रेक ले रही हूं। बहुत जल्द नई एनर्जी के साथ वापसी करूंगी। रानी चटर्जी का ब्रेक लेना लोगों को हैरान कर रहा है क्योंकि वह सोशल मीडिया पर काफी पॉप्युलर हैं। रानी चटर्जी की पोस्ट पर फैंस उनसे सोशल मीडिया से ब्रेक न लेने की अपील कर रहे हैं। ऐक्ट्रेस की पोस्ट पर फैंस ने काफी इमोशनल पोस्ट किए हैं।



तांडव में अपने किरदार पर सैफ अली खान ने कहा- डार्क शेड रोल में अधिक मजा आता है

सैफ अली खान की अपकमिंग वेब सीरीज च्तांडवज् ने लोगों में उत्साह से भर दिया है। डायरेक्टर अली अब्बास जफर की इस सीरीज में दर्शकों को सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी शहर के गलियारों में अराजकता से रूबरू करवाया जाएगा। वेब सीरीज में अहम किरदार निभा रहे सैफ अली खान स्क्रीन पर कुछ बहुत ही अपरंपरागत किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं और अब च्तांडवज् का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनका किरदार समर प्रताप सिंह इस काल्पनिक राजनीतिक सिस्टम का उत्प्रेरक है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सैफ अली खान ने बताया, च्तांडव में मेरा किरदार उस राजनेता के बारे में हैं जो अपनी प्रतिक्रिया के कारण शक्तिशाली और खतरनाक है। मैं इस किरदार की तरफ आकर्षित हुआ क्योंकि आप नहीं जानते कि वह क्या सोच रहा है, वह एक रहस्यमय किरदार है, लेकिन पर्दे के पीछे जो हो रहा है वह काफी नाटकीय है और कुछ भी हो सकता है। इसलिए वह देखने के लिए काफी मनोरंजक है और निश्चित रूप से वह विश्वास करने की तरह है, इसलिए वह किसी भी हद्द तक जा सकता है और मुझे उस तरह की प्रतिक्रिया दिलचस्प लगती है। मैं एक ऐसे दौर से गुजरा हूं जहां शायद इनमें से कुछ भूमिकाएं एक साथ आई हैं और इनमें से जिन नकारात्मक भूमिकाओं ने मुझे अपनी तरफ आकर्षित किया है वह बहुत अच्छी तरह से लिखी गई हैं, कुछ सकारात्मक पात्रों की तुलना में बेहतर लिखी गई हैं, जिन्हें आपने सुना है। मैं उन टर्म्स के बारे में नहीं सोचता। मैं दिलचस्प काम के बारे में सोचता हूं, आप घर पर रहते हैं, जीवन अच्छा है, आपके पास अपना परिवार है, आपको जीवन के बारे में अपना दृष्टिकोण मिल गया है। रचनात्मक संतुष्टि पर काम करना बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन आप क्या किरदार निभा रहे हैं? इसलिए अगर यह दिलचस्प है और आपको आकर्षित करता है, तो आप घर आते हैं और इसके बारे में भूल जाते हैं और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाते हैं।ज् सैफ अली खान ने आगे बताया, च्तो मैं बस कुछ ऐसा चुनता हूं जिसके लिए मैं मेरे घर से बाहर निकल सकूं। अक्सर हम अपने परिवार से दूर रहते हैं, हम किसी होटल में रहते हैं, इसलिए यह घर से दूर रहने लायक होना चाहिए। तान्हाजी और तांडव के डार्क शेड्स हैं जिसने मुझे यह किरदार निभाने के लिए आकर्षित किया है क्योंकि मुझे लगता है स्क्रीन पर स्ट्रैट लड़के की तुलना में ऐसे किरदार में अधिक मजा आता है, इसलिए मैं यह कर रहा हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं आगे इसे करना जारी रखूंगा या नहीं।ज् नौ एपिसोड का यह राजनीतिक ड्रामा गौरव सोलंकी द्वारा लिखित है। इसमें सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया, डीनो मोरिया, कुमुद मिश्रा, गौहर खान, अमायरा दस्तूर, मोहम्मद जीशान आय्यूब, कृतिका कामरा, सारा जेन डायस, संध्या मृदुल, अनूप सोनी, हितेन तेजवानी, परेश पाहुजा और शोनाली नागरानी सहित अन्य कई अन्य कलाकार नजर आएंगे। भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में अमेजन प्राइम के सदस्य 15 जनवरी, 2021 से च्तांडवज् के सभी एपिसोड स्ट्रीम कर सकते हैं।

ऋचा चड्ढा ने मैडम चीफ मिनिस्टर के झाड़ू वाले पोस्टर पर मांगी माफी, लिखा-लोगों का गुस्सा सही

ऋचा चड्ढा अपनी अपकमिंग फिल्म शकीला को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने रीसेंटली फिल्म मैडम चीफ मिनिस्टर का पोस्टर भी डाला था। इस फिल्म में वह दलित समुदाय के हितों के लिए काम करने वाली पॉलिटिशन के रोल में नजर आएंगी। एक पोस्टर में वह झाड़ू लिए दिखाई दी हैं। यह बात कुछ लोगों को पसंद नहीं आई। अब ऋचा ने इस बात पर माफी मांगते हुए ऑफिशल स्टेटमेंट जारी किया है।

ऋचा ने बताया-झाड़ू को सिर्फ प्रॉप समझा: ऋचा ने स्टेटमेंट में लिखा है, यह फिल्म मेरे और हम सबके लिए लर्निंग एक्सपीरिएंस है। प्रमोशंस भी इससे अलग नहीं थें। पहला पोस्टर जो रिलीज किया गया, उसे काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, यह ठीक भी है। मेरे लिए (और मेरी सुविधा संपन्न आंखों के लिए) तो यह सिर्फ एक प्रॉप था, जो कि कई लोगों को दलितों को दर्शाने का घिसा-पिता तरीका लगा।

लिखा- मेकर्स को भी गलती का अहसास: एक ऐक्टर के तौर पर मुझे पूरी कॉपी हैंडल और हैशटैग्स के साथ जो पोस्ट करना है उसके बारे में बताया जाता है। कहने की जरूरत नहीं कि प्रमोशनल मटीरियल में मेरा कोई रोल नहीं है। ऐसा कहकर मैं मेकर्स पर इल्जाम नहीं लगा रही। उन्होंने गलती का अहसास किया। उन्होंने ऑब्जेक्शनल पोस्टर को तुरंत हटाकर अगले ही नया पोस्टर रिलीज किया।

ऋचा ने फिल्म की कहानी को बताया मिशन: ऋचा ने लिखा है कि ऐसा करने के पीछे किसी की इंटेंशन गलत नहीं थी। इसके लिए उन्होंने सॉरी भी लिखा है। साथ ही यह भी बताया कि यह फिल्म बहुत प्यार से बनाई गई है। इस कहानी को बताने के पीछे भी उनका मिशन है।

जिम में पसीना बहाती दिखीं उर्वशी रौतेला, मांग में सिंदूर ने खींचा ध्यान

उर्वशी रौतेला बॉलिवुड की ग्लैमरस ऐक्ट्रेसस में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। रीसेंटली उन्होंने अपना जिम का वीडियो पोस्ट किया है। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि जिमवेअर के साथ उर्वशी की मांग में सिंदूर भी दिखाई दे रहा है।

उर्वशी ने जिम में बहाया पसीना

उर्वशी रौतेला इन दिनों कुछ एक्साइटिंग लेकर आ रही हैं। रीसेंटली वह लंबी चोटी, सलवार-सूट पहनें और मांग भरे नजर आई थीं। अब जिम में पसीना बहाते वक्त भी उनकी मांग में सिंदूर दिखाई दिया। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर हिंट दी थी कि कुछ एक्साइटिंग आने वाला है। फैन्स को उनके नए प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार है।

स्किन टोन लिखने पर ट्रोल हुई थीं उर्वशी

उर्वशी ने बदले हुए लुक में जो वीडियो डाला था उसमें बताया था कि अपनी ओरिजिनल टोन से 10 गुना डार्क स्किन शेड है। उनके इस कॉमेंट पर ट्रोल भी किया गया था। लोगों ने लिखा था कि स्किन टोन मेंशन करने की जरूरत नहीं। यह रेसिस्ट लगता है।

जिया खान की डॉक्यूमेंट्री में सूरज पंचोली को देख भड़के लोग, करने लगे उन्हें फौरन अरेस्ट की मांग



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जिया खान की मौत को करीब 7 साल पूरे हो गए, जिसे बताया तो आत्महत्या गया लेकिन ऐक्ट्रेस की मां ने इसे चीख-चीखकर हत्या बताया। लंबे समय बाद एक बार फिर से जिया चर्चा में हैं और इसकी वजह है उनपर बनी एक डॉक्यूमेंट्री च्डेथ इन बॉलिवुडज् और इसे लेकर अब सूरज पंचोली जमकर ट्रोल हो रहे हैं। जिया खान की मौत पर बनी इस डॉक्यूमेंट्री का नाम च्डेथ इन बॉलिवुडज् का प्रसारण ब्रिटेन में बीबीसी पर हो रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री में जिया की मां राबिया खान के अलावा आरोपी सूरज पंचोली के पिता आदित्य पंचोली का वर्जन भी शामिल किया गया है। इसी के साथ यह डॉक्यूमेंट्री चर्चा में आ गई है, जिसमें इस केस के सबसे बड़े दोषी माने जा रहे सूरज पंचोली भी नजर आए हैं। सूरज इस सीरीज के सेकंड एपिसोड में नजर आए हैं, जिसमें वह बार-बार खुद को इनोसेंट बता रहे हैं। बस लोगों का गुस्सा एक बार फिर से सूरज पंचोली पर फूटने लगा है। बता दें कि 3 जून साल 2013 को जुहू वाले अपने फ्लैट पर जिया मृत पाई गई थीं। जिया की मां ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली पर लगाया जो जिया खान के बॉयफ्रेंड भी थे। जिया के कमरे से 6 पन्नों का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था।

बॉलिवुड में अटकी हैं कई बड़ी फिल्में, क्या मास्टर की सफलता के बाद होंगी रिलीज?

साल 2020 बॉलिवुड के लिए अब तक का सबसे खराब साल रहा है। इस साल में न तो फिल्मों की शूटिंग हो सकी और न ही तैयार फिल्मों को थिअटर्स में रिलीज किया जा सका। अब सरकारी निर्देशों के साथ थिअटर्स तो खुल गए हैं लेकिन फिल्ममेकर्स के मन में यह संशय है कि दर्शक अभी भी सिनेमाघरों में फिल्म देखने आएंगे या नहीं। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि दर्शक एक बार फिर सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं।

मास्टर ने बदल दी है लोगों की सोच: हाल में 13 जनवरी के दिन तमिल फिल्म च्मास्टरज् रिलीज हुई है और यह फिल्म ज्यादातर सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। इस फिल्म की सफलता के बाद अब डिस्ट्रीब्यूटर्स और प्रड्यूसर्स को एक आशा की किरण नजर आ रही है। कम से कम इतना तो पता चल ही रहा है कि ऑडियंस अब सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार नजर आ रही है। इससे ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि बॉलिवुड की जिन फिल्मों की रिलीज को टाल दिया गया है उन्हें इस साल रिलीज किया जा सकता है।

ये हिंदी फिल्में हैं रिलीज को तैयार: हिंदी फिल्मों की बात करें तो अक्षय कुमार की च्सूर्यवंशीज्, रणवीर सिंह की च्83ज् और सलमान खान की च्राधे- योर मोस्ट वॉन्टेड भाईज् ऐसी फिल्में हैं जो बनकर तैयार हैं लेकिन कोरोना वायरस के कारण रिलीज नहीं की गईं। सलमान की राधे की तो खैर कुछ दिन की शूटिंग बाकी थी लेकिन सूर्यवंशी और 83 की तो रिलीज डेट भी पिछले साल आ गई थी लेकिन इन्हें अभी तक रिलीज नहीं किया जा सका है।

वैक्सीन आ गई और बढ़ गई है शोज की संख्या: अब 16 जनवरी से भारत में कोरोना वायरस की वैक्सीन भी लगने लगी है और इसके बाद माना जा रहा है कि एक बार फिर से लोग अपनी नॉर्मल जिंदगी पर लौटना शुरू कर देंगे। वैसे भले ही ओटीटी प्लैटफॉर्म पर कई फिल्में रिलीज कर दी गई हों लेकिन फिर भी एक बड़ा वर्ग अभी भी बड़े पर्दे पर ही फिल्में देखना पसंद करता है। भले ही अभी सिनेमाघरों को 50 पर्सेंट की क्षमता पर चलाए जाने के निर्देश हों लेकिन अब शोज की संख्या में भी बढ़ोतरी की जा रही है। इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही इन बड़ी फिल्मों को रिलीज किया जा सकता है।

होली पर रिलीज होगी सूर्यवंशी: अभी राजस्थान में सिनेमाघर नहीं खोले गए हैं। डिस्ट्रीब्यूटर सुनील बंसल ने उम्मीद जताई है कि 20 जनवरी या 1 फरवरी तक राजस्थान में भी सिनेमाघर खोल दिए जाएंगे। इसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि होली के हफ्ते में अक्षय कुमार की च्सूर्यवंशीज् रिलीज की जा सकती है। हालांकि अभी भी इस बारे में कुछ कन्फर्म खबर सामने नहीं आ सकी है।

सोनू सूद बने दर्जी, सिलाई करते हुए ऐक्टर को देख रह जाएंगे हैरान, लिखा- पैंट की जगह निकर बन जाए, इसकी हमारी कोई गारंटी नहीं

सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पैर वाली सिलाई मशीन से कपड़ों की शानदार सिलाई करते दिख रहे हैं। सोनू सूद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सोनू सूद ने इस वीडियो के साथ काफी मजेदार कैप्शन लिखा है। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन में (सोनू सूद का टेलरिंग शॉप) लिखा है। इसी के साथ उन्होंने लिखा है- यहां फ्री में सिलाई की जाती है। पैंट की जगह निकर बन जाए, इसकी हमारी कोई गारंटी नहीं। बता दें कि सोनू सूद का कपड़ों के बिजनस से काफी खास कनेक्शन रहा है। सोनू सूद ने अपने पिता के शोरूम में अलग-अलग फैब्रिक को पहचानने का काम सीखा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी सीखा कि कैसे कस्टमर को बेचना है और उन्हें हैंडल करना है। याद दिला दें कि सोनू सूद को कोरोना वायरस महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों और कामगारों की खूब जमकर मदद की और घर से दूर बाहर फंसे लोगों को उनके घर तक पहुंचाया। सोनू सूद को उनके इस काम के लिए खूब जमकर सराहना मिली है। सोनू सूद के इस काम की वजह से देशभर में उन्हें काफी सराहना मिली है। किसी ने अपने घर के अंदर मंदिर में उनकी तस्वीर लगा ली तो कहीं उनका मंदिर ही बनवा दिया गया है। तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले के डुब्बा टांडा गांव के लोगों ने अधिकारियों के मदद से सोनू सूद के सम्मान में एक मंदिर बना दिया है।

वन-टू-वन

जनअभियान परिषद द्वारा पौधारोपण का कार्य निरन्तर जारी

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

उज्जैन। मालवा क्षेत्र की जीवनदायिनी, पुण्यसलिला मां शिप्रा को सदैव प्रवाहमान बनाये रखने, उसके संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से म.प्र. जनअभियान परिषद, नगर निगम के संयुक्त प्रयास से सतत चल रहे पौधारोपण अभियान में सदावल ग्राम के निकट नगर निगम सीवेज फार्म वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर किया जा रहा है। पेड़ ही जीवन है, इसी बात का ध्?यान रखते हुए देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति हुकुमचंद कछवाय मेमोरियल ट्रस्ट उज्जैन के सदस्य नरेंद्र कछवाय, करुणा शितोले, रजनी नरवरिया, अर्चना कछवाय, कनक वाधवानी, अनीता बाथम, सीया मोरे, अश्विनी मोरे, कृष्णा चित्तौड़ा, आशा श्रीवास, कामिनी मोरे, ललित गहलोत, देवर्ष मोरे, हर्षित कछवाय, प्रियांशी नरवरिया, प्रज्ञा पाठक के द्वारा आज पौधारोपण किया गया।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की मदद से अगरबत्ती निर्माण का व्यवसाय प्रारंभ किया

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ,पुष्पांजली टुडे

खण्डवा। जहाँ चाह होती है वहाँ राह निकल ही आती है। यह कहावत कार्तिक बाल किशन के जीवन में अपने श्रम से फलीभूत हुई। कार्तिक निजी क्षेत्र में कार्य करता था जहाँ आमदनी खर्च से कम होती थी। परिवार के भरण पोषण में कठिनाई होती थी। दिल में यह आकांक्षा थी कि उसका अपना व्यवसाय हो किन्तु आर्थिक पक्ष ऐसा नहीं था कि स्वयं के व्यवसाय में पूँजी लगा सकूं। कार्तिक को मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की जानकारी प्राप्त हुई। इस योजना के लिए उसने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र खण्डवा से संपर्क किया गया। इस कार्यालय द्वारा योजना की तमाम जानकारी दी। फिर उसके द्वारा आनलाईन आवेदन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कार्तिक का आवेदन पत्र आन लाईन भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाईन खण्डवा को भेजा गया। भारतीय स्टेट बैंक ने उसे कार्यालयीन प्रक्रिया के पश्चात् अगरबत्ती निर्माण व्यवसाय के लिए ऋण लिया गया। अगरबत्ती व्यवसाय में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा होने के कारण अपेक्षित आय नहीं हो रही है। यद्यपि निजी क्षेत्र में कार्य करने से हो रही आमदनी से अधिक होती है और बैंक की किश्तों का समय पर भुगतान करने के बाद भी कार्तिक अपने परिवार का अच्छी तरह से भरण-पोषण कर रहा है। अगरबत्ती व्यवसाय में और विस्तार एवं मार्केटिंग के बाद आमदनी में और बढ़ोतरी की पूरी संभावना है।

सौतेले बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्थरों से कुचल कर की हत्या।

मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

गोहद। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पारिवारिक विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने सौतेले छोटे भाई को पत्थरों से कुचल कर उसकी हत्या कर दी प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान सिंह जाटव की पहली पत्नी का लड़का चिंटू जाटव उम्र 19 वर्ष अपनी सौतेली मां के बेटे धर्मवीर उर्फ भोलू जाटव उम्र 11 वर्ष से घृणा करता था जिस कारण परिवार में विवाद की स्थिति रहती थी पारिवारिक क्लेश के चलते आज दोपहर के समय धर्मवीर उर्फ भोलू शौच के लिए गया था काफी देर से लौटकर ना आने के बाद परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो कीरतपुरा के प्राइमरी स्कूल के पीछे धर्मवीर उर्फ गोलू का शब पत्थरों से कुचला हुआ पड़ा मिला जिसका संदेह सौतेले भाई चिंटू पुत्र भगवान सिंह उम्र 19 वर्ष पर परिवार के लोगों ने जाहिर किया पुलिस ने फरियादी भगवान सिंह जाटव की रिपोर्ट पर बेटे चिंटू पुत्र भगवान सिंह जाटव पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

ससुराल द्वारा किया जा रहा प्रताड़ित, लड़का दे रहा है जान से मरने की धमकी

पुष्पांजली टुडे

आगरा / पूजा पत्नी चंद्र केश पुत्र महेश निवासी नई तहसील के सामने सुंदर कॉलोनी खेरागढ़ का मामला आए दिन परिवारी जन परिवार के सभी लोग बच्ची को दहेज के लिए मारपीट करते थे तथा उम्मीद से ज्यादा प्रताड़ना बच्ची पर मोबाइल देते नही थे जिस से अपने पिता को खबर न करदे और जान से मारने की धमकी तभी एक पड़ोसी को यह बच्ची की परेशानी देखी नही गई और उसने बच्ची के पिता गिर्राज पुत्र श्रीराम के पास फोन कर दिया पिता आकार बच्ची को अपने साथ गांव कठूमरी जगनेर ले गए और इसकी सूचना थाना खेरगढ़ को भी देकर रिपोर्ट के लिए तहरीर दी मगर वो रिपोर्ट अभी तक थाना इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज नही की आए दी चंद्र केश नई नई वीडियो सेंड करता है मैं आत्म हत्या करलूंगा सभी को फसा दूंगा इस लिए हमारी रिपोर्ट तथा ये लोग कुछ उल्टा सीधा ना करे इस लिए हमारी मदद करने की कृपा करे।

पत्रकारो को झूठे मुकदमें में फंसाने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

आईएफडब्ल्युजे सोजत सिटी ने सौपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली । सोजत सिटी। इंडियन फैडरैशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्रसिंह राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष अरूण जोशी के निर्देशानुसार शुक्रवार को उपखंड अध्यक्ष कैलाश गहलोत की अगुवाई में उदयपुर में पत्रकारो को झूठे मुकदमें में फंसाने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया है।

उपखंड अध्यक्ष गहलोत ने बताया कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। पत्रकार सजगता से राष्ट्र की सेवा कर रहे है। कुछ दिनो पूर्व उदयपुर मेंपत्रकारो को षडयंत्रपूर्वक झूठे मुकदमों में फंसाने एवं सोशल मीड़िया पर पत्रकारो व अपने उच्चाधिकारियों के लिए अशोभनीय आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले पुलिस अधिकारी जितेन्द्रसिंह आंचलिया सहित षडयंत्र में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते है। ज्ञापन में पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाने,

अभद्र व्यवहार करने की घटना पर कड़ा आक्रोश प्रकट करते हुए दोषी पुलिस अधिकारी के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। आईएफडब्ल्युजे के धन्नाराम परिहार ने बताया कि अपने पद के मद में चूर होकर सोशल मीड़िया पर खुले आम पत्रकारो व अपने उच्चाधिकारियों के खिलाफ अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले ऐसे पुलिस अधिकारी को तुरन्त सबक सिखाने की जरूरत है। ज्ञापन में पुलिस अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन देने वालो में धन्नाराम परिहार, प्रकाश राठौड़, मीठालाल पंवार, महावीर गहलोत, अब्दुल समद राही, अशोक गहलोत, दिलखुश गहलोत, नत्थाराम बौराणा, ताराचंद गहलोत, राजेश शर्मा, गजेन्द्र गहलोत, महेन्द्रसिंह, ललित तिवारी, रमेश भटट, रामेश्वर चौहान, हरीश गहलोत, जीवाराम सहित कई जनें मौजूद रहे

467 दिन बाद मारवाड़ जंक्शन पहुंची जम्मूतवी एक्सप्रेस का साई संस्था ने किया भव्य स्वागत

नारायणलाल सैणचा, पुष्पाजली टुडे

पाली।-मारवाड़ जंक्शन 6 जुलाई विगत 25 मार्च 2020 से कोरोना संक्रमण को लेकर बंद हुई जम्मूतवी अहमदाबाद एक्सप्रेस विगत 467 दिन के बाद पुनः संचालित होने पर प्रथम बार अहमदाबाद से प्रस्थान होकर शाम 5 बजे मारवाड़ जंक्शन पहुंचने पर मारवाड़ क्षेत्र की एकमात्र सरोकार स्वयंसेवी संस्था श्री साई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व में जम्मूतवी के लोको पायलट राजेंद्र चौरा ,एएलपी विमल सांखला एवं गार्ड मांगूसिंह रावत का साफा व माला पहनाकर मीठा मुंह करवाकर डीजल को फूल मालाओं से सजाकर साईसंस्था द्वारा भव्य स्वागत किया गया विशेषकर नासिक ढोल के साथ रेलगाड़ी डीजल से गाड़ी के गार्ड के कोच तक गार्ड मांगूसिंह रावत को उनके कोच तक

पहुंचाया गया व सलामी दी गई। सभी कोच के रेलयात्री जो कि प्लेटफार्म पर खड़े थे वह भी काफी खुश नजर आ रहे थे व तालियां बजा रहे थे यहां तक कि कई रेलयात्रियों ने तो साई संस्था पदाधिकारियों के साथ खुशी खुशी में डांस भी किया, रेलयात्रियों ने गार्ड व साई संस्था पदाधिकारियों के साथ सेल्फी भी ली। साई संस्था अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि अब इस रेलगाड़ी के प्रारंभ होने से सीधा वैष्णो देवी की यात्रा आसानी से हो सकेगी एक महत्वपूर्ण रेलगाड़ी के रूप में इसकी पहचान है। मीणा ने बताया कि अब महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों के रूप में साई संस्था द्वारा अजमेर अहमदाबाद इंटरसिटी जयपुर अजमेर अहमदाबाद पैसेंजर मारवाड़ मावली पैसेंजर चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों को भी पुनः प्रारंभ किए जाने मांग की जा रही है साथ ही सामान्य कोच में सामान्य टिकट की बिक्री भी जल्द ही सभी रेलगाड़ियों में प्रारंभ किए जाने की मांग भी पुरजोर रुप से की जा रही है मीणा ने बताया कि सामान्य टिकट की बिक्री को लेकर पुनः पोस्टकार्ड अभियान प्रारंभ किया जाएगा ।स्वागत कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के थानाधिकारी करणसिंह राठौड़, अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी साई संस्था के पदाधिकारी मोहम्मद सलीम उर्फ पोपट रंगरेज फकीर मोहम्मद एसएम डायर अमित कुमार जगमोहन मीणा राकेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

बारिश बरसने के लिए किन्नर समाज द्वारा गौ - पूजन एवं हवन किया गया

विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

श्योपुर - प्रदेश में और देश में सभी जगह अच्छी बारिश हो रही है वहीं मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में अभी तक सही से बारिश नही हुई है अमावस्या के दिन किन्नर समाज एवं उनकी गुरु माता कोमल किन्नर द्वारा गौ - पूजन एवं हवन कर सभी जिले वासियों की खुशी के लिए ईश्वर से दुआ की एवं ईश्वर से प्रार्थना कर जल्दी ही बारिश हमारे जिले में हो जाये ताकि किसानों का भी धान बुआने का समय चल रहा है यदि पानी नही बरसेगा तो किसानों को बोर का सहारा लेना पड़ेगा जिससे वाटर लेबल गिर जाएगा और हर जगह पानी की किल्लत खड़ी हो जाएगी!

लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

गोहद। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों एक माह पहले दिनांक 9 जून 2021 को स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के पास आरोपी शकील पुत्र शहजाद खान उम्र 38 वर्ष निवासी ग्वालियर ने 70 हजार की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी आरोपी विगत 1 माह से फरार चल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना मिलने पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच कर गोहद चौराहा पुलिस ने बाराहेड मोड से गिरफ्तार किया गया है। मैं मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर आशीष यादव एएसआई अब्दुल शमीम आरक्षक राहुल तोमर राजकुमार तोमर सहित अन्य स्टाफ की मुख्य भूमिका रही।

बहुत हुई मंहगाई की मार शर्म करो मोदी सरकार

बृजपाल सीदू सिंह गुर्जर संवाददाता पुष्पांजली टुडे

मेहगांव-NSUI के नेतृत्व मे आज केंद्रीय व प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जिसमे देश में वर्तमान में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस की सिलेंडर, की बढ़ती कीमतों आदि शासन की नीतियों के खिलाफ आंदोलन किया और राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौपा जिससे मुख्य रूप से उपस्थित रहे, राहुल भदोरिया , राहुल जी ने कहा मध्य प्रदेश की भ्रष्टाचारी सरकार पेट्रोल डीजल की कीमतों में मनमानी कर रही है और विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर ने कहा की अगर भाजपा सरकार डीजल पेट्रोल के दामों को कम नहीं करेगी एनएसयूआई तथा युवा कांग्रेस मिलकर एक बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन करेंगे यह चेतावनी दी तथा जिला प्रवक्ता बोले कोरोना काल में भी पेट्रोल किस प्रकार बढ़ती कीमतों को जनता के समक्ष पेश कर रही है सरकार जरा सी शर्म तो करें देश के हर व्यक्ति की जरूरत है पेट्रोल और

डीजल जिसमे सभी कांग्रेस के साथी युवा कांग्रेस के साथियो ने सहयोग किया कार्यक्रम मुख्य रूप युबा कॉग्रेस के प्रदेशमहासचिव राहुल भदौरिया,मनीष शिवहरे,प्रवक्ता रोहित शुक्ला,नगर अध्यक्ष अभिषेक भदोरिया,जिला महासचिव भोले गुर्जर,विशाल तिवारी, शिवम कुशवाहा,शिवम समाधिया, पवन चौधरी,डब्बू पंडित, संजय खान, गोविंद भदौरिया,शिवम मुद्गल,अजीत गुर्जर,विकास शर्मा,छोटू मुद्गल,रितिक भदोरिया,कृष्णा गुर्जर,प्रांशु भदोरियाअंशु भदौरिया ,अंशु शुक्ला,रोहित राजोरिया, मोहित राजोरिया,जॉनी निगम,आशीष गुर्जर,अक्कू चौधरी,शिवम गुर्जर, वेद सिंह परगाना, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हत्या कारित करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए का अर्थदंड

मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

गोहद -हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास एवं ?1000 का अर्थदंड की सजा अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी/ सहा0 मीडिया सेल प्रभारी प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा बताया गया कि अभियोजन का मामला इस प्रकार है कि दिनांक 16.10.2016 को सुबह दस सवा दस बजे फरियादी भानुप्रताप सिंह, उसके पिता पहलवान सिंह, चाचा दर्शन सिंह एवं चचेरा भाई अजब सिंह कुआ वाले खेत में पानी लगा रहे थे। उसी समय उसके खेत से बरहा के दूसरी तरफ स्थित भारत सिंह गुर्जर के खेत पर योजनाबद्ध तरीके से एकराय होकर भारत सिंह, रामहेत, देवराम, केदार, सूरजभान, रामप्रीत एवं दिलीप जोडरी की आड़ में अपनी बंदूको, लाठी एवं अन्य हथियारों से लैस होकर एक साथ उसके पिता चाचा व चचेरे भाई को घेर लिया और गाली गलौच करने लगे तथा केदार सिंह व रामहेत बोले कि पहले वे अपने खेत में पानी देंगे नहीं मानोगे तो गोलियों से भूनकर रख देंगे। तब उसके पिता ने कहा कि उसके खेत में पानी चल रहा है. थोड़ा रह गया है, पूरा होने पर ले लेना तो भारत सिंह गाली गलौच करते हुये अभी अपने खेत में पानी लगाने कहने लगा, जिस पर उसके चाचा ने भारत सिंह से कहा कि थोड़ा रुक जाओ, खेत भरा जाता है तभी केदार सिंह, रामहेत व सूरजभान, जिनके पास अलग-अलग माउजर बंदूकें थी, भारत के पास फर्सा, देवराम, दिलीप, रामप्रीत के पास लाठियां थी, केदार ने भी हत्या करने की नियत से उसके चाचा दर्शन सिंह के सीने में गोली मारी तथा रामहेत ने भी हत्या करने की नियत से उसके चाचा दर्शन सिंह के सीने में गोली मारी, सूरजभान ने भी पास में आकर उसके पिता के सिर में गोली मारी, जिससे उसके पिता व चाचा नीचे गिर गये। दिलीप सिंह, रामप्रीत, देवराम ने जान से मारने की नियत से अजब सिंह को लाठी, फर्से से मारपीट की, जिससे वह नीचे गिर गया और अजब सिंह के सिर, हाथ व पैरों में चोट आई, फिर भारत ने फर्से से व देवराम, दिलीप व रामप्रीत ने लाठियों से मारपीट की। उसके पिता पहलवान सिंह व दर्शन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। केदार सिंह उसके पीछे भी जान से मारने की नियत से बंदूक लेकर दौड़ा और फायर किया, लेकिन वह घर की तरफ जान बचाकर भाग गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना गोहद के अपक0 184/06 अंतर्गत धारा 302, 307 147, 148, 149, 120-बी भादवि के अंतर्गत पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुये मामला विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गोहद जिला भिण्ड द्वारा आज दिनांक 09.07. 2021 को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुये अभियुक्त सूरजभान को दोषसिद्ध मानकर धारा 302 / 149 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से तथा धारा 307 / 149 भादवि के आरोप में पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से एवं धारा 148 भादवि के आरोप में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक प.पू. श्री बालासाहब देवरस की पुण्यतिथि एवं महावीर इंटरनेशनल का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

विशाल राउत खोंगल चैयरमेन महावीर इंटरनेशनल लांजी बन रहें युवाओं के लिए आइकन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे

बालाघाट / महावीर इंटरनेशनल के द्वारा हिंदुस्तान में अपने महापुरुषों का स्मरण कर उनके जयंती एवं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करना एक श्रेष्ठ परम्परा रही है। कार्यक्रम का आयोजन कर लगातार उनके कर्तृत्व और आदर्श जीवन का सजीव चित्रण किया जाता है। यदा - कदा पर्वों के माध्यम से भी महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन श्री विशाल राउत खोंगल उनका स्मरण करना अपना पुनीत कर्तव्य समझता है। महापुरुषों का उत्सवाचरण इनके लिए शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए यादगार होगा। महापुरुषों , वैज्ञानिकों , ऋषि मुनियों , साधु संतों , समाज सुधारकों व क्रान्तिकारियों को साहित्य के रूप में स्मृति में रखने का प्रयास किया है।

इसी परिप्रेक्ष्य में बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक प.पू. श्री बालासाहब देवरस की जन्मस्थली कारंजा में जयंती मनाई गई। इस दौरान महावीर इंटरनेशनल लांजी के तत्वाधान में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम ,एवं मोतियाबिंद जांच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजित कर प्रातः 10 बजे से? रक्तदान कार्यक्रम,मोतिताबिन्द जांच, पौधा रोपण कार्य किया गया तत्पश्चात दोपहर - 1 बजे से 2 बजे तक पुण्य स्मरण दिवस एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महावीर इंटरनेशनल निस्वार्थ सेवा के लिए प्रतिबद्ध

महावीर इंटरनेशनल की जड़ें भारतीय संस्कृति और इसकी आध्यात्मिक विरासत में निहित हैं जो इसे एक अलग समाज सेवा संगठन बनाती है। धर्म, जाति और पंथ, सामाजिक स्थिति, क्षेत्र और भाषा के बावजूद, इसके दरवाजे सभी व्यक्तियों के लिए खुले हैं, क्योंकि यह संकटग्रस्त व्यक्तियों और समाज के कमजोर और विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग के लोगों की निस्वार्थ सेवा प्रदान करता है। अपनी स्थापना के समय से ही यह संगठन इस दिशा में लगातार काम कर रहा है, और अपने वांछित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर नवाचार कर रहा है। दूसरों की मदद करने के महान अवसर शायद ही कभी आते हैं, लेकिन छोटे लोग हमें हर दिन घेर लेते हैं। नवोदित कदमों ने धीरे-धीरे गति और शक्ति ग्रहण की, शाखाओं ने अपना दायरा फैलाना शुरू कर दिया, क्योंकि इसने अथक, निस्वार्थ भाव से काम किया और मानव जाति के कष्टों को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता में समर्पित थी।

बालासाहब देवरस को श्रद्धा सुमन अर्पित- विभा अवस्थी भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक प.पू. श्री बालासाहब देवरस की पुण्यतिथि तथा महावीर इंटरनेशनल के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम कारंजा आए अतिथि श्रीमती विभा अवस्थी भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री ने बाला साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालासाहब ने ऐसे समय रा.स्व.संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन का दायित्व संभाला जब देश में अनेक प्रकार की विषमताएँ विद्यमान थीं।

1975 में देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलते हुऐ आपात्काल लगा दिया गया। इन अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में बालासाहब के दृढ़ निश्चयी नेतृत्व , गहन चिंतन और कुशल मार्गदर्शन द्वारा न केवल संघ अपितु पूरे समाज व देश को महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।आपने आगे कहा कि पूत के पाँव पालने में दिख जाते हैं , और इसे चारितार्थ कर पहले ही दिन से संघ संस्थापक को प्रभावित करने वाला यह बालक आगे चलकर विश्वव्यापी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सरसंघचालक बना । वैसे तो उसका पूरा नाम मधुकर दत्तात्रेय देवरस था लेकिन सब उसे बालासाहब कह कर पुकारते थे । इसलिए सरसंघचालक बनने के बाद भी वे इसी नाम से जाने जाते रहे। बालासाहब देवरस की अनूठी सोच- पुराने कार्यकर्ता को मार्गदर्शन तथा नये कार्यकर्ता का उत्साहवर्धन करना थी, जिससे कि हमें सिख लेनी चाहिए।

आओ और मानवता की सेवा में हमारे साथ जुड़ें - विशाल राउत खोंगल चैयरमेन

इस दौरान महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन श्री विशाल राउत खोंगल ने कहा कि हम ÷सभी की सेवा करो÷ के आदर्श वाक्य और ÷जियो और जीने दो÷ के सिद्धांत के साथ संगठन ने सत्य, अहिंसा, साथी दर्शन और शिक्षाओं को बढ़ावा देने का कार्य अपने हाथ में लिया। हर जगह भावना और भाईचारा बढ़ाना मेरा उद्देश्य है। हम सब मिलकर कई चेहरों पर मुस्कान ला सकते हैं। वहीं विशाल की बात की जाए तो उन्होंने अपने निजी जीवन में विभिन्न मील के पत्थर बनाए हैं और संगठनात्मक लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए भी सक्रिय रूप से समर्पित रहे हैं। आपने आगे कहा कि महावीर इंटरनेशनल एक गैर-धार्मिक समाज सेवा संगठन है। हमारे पास राष्ट्रीय स्तर पर 9 प्रमुख परियोजनाएं हैं।

जिनमें पर्यावरण- हरा और स्वच्छ भारत, नेत्र देखभाल पर विशेष जोर देने के साथ स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाएं, बाल देखभाल और शिशु किट वितरण, महिला अधिकारिता, रक्तदान और अंगदान, बाल शिक्षा और कौशल विकास, शैशवावस्था में गर्भावस्था, वात्सल्य - स्तनपान बूथ, रोको थैलेसीमिया उपरोक्त के अलावा अन्य 45 अन्य परियोजनाएं स्थान और समय की आवश्यकता के अनुसार कार्य कर रही हैं। वहीं बाला साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालासाहब एक व्रहद वृक्ष है जिसके स्वर्गवासी होने के बाद भी हमारे जीवन में उनके विचार औषधि का कार्य कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्व के धनी को मेरा सादर प्रणाम है, मैं श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूं।

महावीर इंटरनेशनल की टीम के उपस्थित सदस्य

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महावीर इंटरनेशनल के चेयरमैन विशाल राऊत खोंगल, एवं पूरी टीम के सदस्य फणीन्द दुरुगकर, प्रवीण उमरे, ,कोमल काड़े, भरत कालबेले,संजय टेम्भरे, रामकुमार खारगाल, भूपेश कार्हे, उमाकांत उपराडे,डॉ दुर्गेश तिड़के, विजय कुथे, प्रदीप मोनू अग्रवाल, जगन्नाथ दादू नाकतोड़े ,भानु डोनाडकर, रविंद्र पारधी, डॉ संतोष रातोंने ,डॉ दिनेश बेदरे, डॉ शैलेंद्र रतोने, अरशद खान, बंटी चंद्रदीप रामटेके, इंद्रकुमार भूते, पप्पू कावड़े, डॉ तोमेश बापुरे,अंचल कालबेले,मुकेश कोल्हे, रोहन अस्तने , सिद्दीक अंसारी, पवन उमरे,तपेश कालबेले, नंदकिशोर बिलावर,रूपेश बिहोने, लोकेश फुंडे, लक्की फूडे,दिलिप बनोठे,आकाश डिब्बे,नीरज पगाडे, गिरीश पगाडे, आदर्श ठाकरे, मोहित राणा, नितिन हरिनखेड़े, विवेक बागडे, महेश लिहारे, पुरषोत्तम, थानेश, शुभंम रीनायत, लोकेश शिवनकर, हनी बेनजामिन, मुकेश कोलहे का योगदान रहा।

गांव गांव जाकर जनचौपाल के तहत लोगों को जागरूक कर रही खाकी

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा शुक्रबार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम बदरिया में क्षेत्राधिकारी नगर राजकुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र द्वारा सोशल मीडिया तथा ग्रामवासियों से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम प्रधान की मौजूदगी में समस्त ग्रामवासियों जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, की कच्ची शराब के बारे में मीटिंग की गई। चूंकि पूर्व में गांव वासियों द्वारा कच्ची शराब उतारने का प्रचलन रहा है तथा अवैध कच्ची शराब से मानव जीवन को होने वाले दुष्प्रणामों के बारे में बारीकी से समझाया गया समस्त ग्रामवासियों का अपेक्षित सहयोग भी मिला है, एवं समस्त ग्रामवासियों ने भविष्य में कभी भी अवैध कच्ची शराब को न बनाने की शपथ ली।

जो चोट खाता है छेनी और हथौड़े की वही पत्थर भगवान होता है :तोमर

दिव्यांगों को कृतिम उपकरण वितरण शिविर संपन्न

मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

गोहद / जनपद शिक्षा केंद्र गोहद में चयनित दिव्यांगों को कृतिम उपकरणों के वितरण शिविर में फैब्री कैटिंग कंपनी नई दिल्ली एवं एलिम्को जबलपुर के कुशल चिकित्सकों द्वारा बच्चों को जांच उपरांत आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर ने कहा कि जो पत्थर चोट खाता है छेनि और हथौड़े की वही पत्थर भगवान का रूप बन जाता है दिव्यांगों में प्रतिभा की कमी नहीं है बहुत प्रतिभावान होते हैं बस आवश्यक है प्रोत्साहित करने की उनका हौसला बढ़ाने की उन्होंने दीपा मालिक का उदाहरण देते हुए कहा कैसे उन्होंने उच्च से उच्चतम शिखर

को प्राप्त किया आप सब में भी कोई ना कोई प्रतिभा छिपी हुई है आवश्यकता है उसे बाहर लाने की इस अवसर पर खंड स्रोत समन्वयक श्रीमती कमलेश तोमर ने कहा कि मां-बाप के साथ हम सभी का कर्तव्य है कि दिव्यांग बच्चों के अंदर हीन भावना पैदा ना हो ना दें उनका हमेशा सहयोग करें शिविर के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती तोमर ने बताया कि शिविर में 62 बच्चों को कृत्रिम उपकरण वितरण हेतु आमंत्रित किया गया था इन दिव्यांग बच्चों का चयन जनवरी माह में ब्लॉक स्तर पर शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की जांच उपरांत चयनित किया गया था शिविर में उपस्थित चयनित बच्चों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मंजू बंदोरिया प्राचार्य के. एल, सेजवार,डॉ हरीशचंद्र ,डॉ सृष्टि शुक्ला ए, पी,सी अभय सिन्हा बीएससी नरेंद्र सिंह भदोरिया विक्रम सिंह नरवरिया शिव सिंह गुर्जर के एन शर्मा बीएससी श्रीमती नम्रता भदौरिया श्रीमती वंदना मिश्रा शिरोमणि यादव सीएससी कपिल बघेल मुकेश माहौर विनोद माझी जय सिंह सुमेर चंद जैन इत्यादि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

दहेज हत्या की घटना में फरार चल रहा आरोपी पति गिरफ्तार

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा । थाना जलेसर पुलिस द्वारा थाना जलेसर पर पंजीकृत दहेज हत्या की घटना में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

मंगलबार को सुभाषचन्द्र पुत्र श्री प्रेमराज निवासी नगला धीर नगरिया थाना ऐका जिला फिरोजाबाद द्वारा थाना जलेसर पर इस आशय सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री सरिता की शादी मंगलबार को नरेश पुत्र ग्याप्रसाद निवासी मोहनपुर थाना जलेसर के साथ हुई थी। बीते वर्ष 10 अगस्त को उसकी पुत्री के ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की माग के चलते उसकी पुत्री के साथ बिजली के करैन्ट से झुलसा जला कर सिर में चोट पहुँचा कर हत्या कर दी है। इस सूचना पर थाना जलेसर पर द0प्र0अधि0 बनाम नरेश कुमार पुत्र ग्याप्रसाद ग्याप्रसाद पुत्र स्व0 राम सिंह सन्तो देवी पत्नी ग्याप्रसाद राजकुमार पुत्र ग्याप्रसाद दिनेश कुमार पुत्र ग्याप्रसाद रामकैलाश पुत्र ग्याप्रसाद राजेश पुत्र ग्याप्रसाद कल्पना पत्नी दिनेश कुमार समस्त निवासीगण ग्राम मोहनपुर थाना जलेसर पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना के फरार अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना जलेसर को निर्देशित किया गया। शुक्रबार को थाना जलेसर पुलिस द्वारा घटना में फरार चल रहे अभियुक्त नरेश पति को मुखबिर की सूचना पर मुखविर के घर ग्राम मोहनपुर थाना जलेसर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जलेसर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ताम्बरमम् वेस्ट शाखा एसोसिएशन की तरफ से

एक लाख एक हजार रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में सुपुर्द किया गया

नारायणलाल सैणचा ब्यूरो, पुष्पाजली टुडे

चैन्नई –संगठन के नेतृत्व में कोरोना सहायतार्थ तमिलनाडु मुख्यमंत्री राहत कोष में दान राशि भेंट करने के क्रम में आज ताम्बरमम् वेस्ट शाखा के व्यापारियों की तरफ से 101000/- रुपये की राशि संगठन के माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज को सुपुर्द किया। इस आयोजन में संगठन के उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश शर्मा, संगठन के प्रदेश प्रभारी लालुराम गहलोत, संगठन के दक्षिण चेन्नई ईस्ट जिला सचिव नेमीचन्द चोयल, सीरवी सघंठन के ताम्बरम प्रभारी एवम् कार्यकर्ता अरविंदकुमार गुन्देचा,खेमचंद बोहरा, मनोहरलाल गांधी, रणजीतसा ,विनोद मेहता उपस्थित रहे। संगठन प्रदेशाध्यक्ष ने संगठन के 60 सदस्यों से सीधे तौर पर वार्तालाप किया। स्वामी ने सभी सदस्यों को एकता में रहकर संगठन से जुडने की सलाह दी। तमिलनाडु के अन्य सभी क्षैत्रों के पदाधिकारियों और सदस्यों से विनम्र निवेदन हैं कि जिन क्षैत्रों से अभी तक मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान राशि संगठन मुख्यालय तक नहीं पंहुची है, वे अतिशीघ्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अथवा पदाधिकारियों से संपर्क करके सहायता राशि भेंट करने के कृपा करें। जिससे जमा राशि माननीय मुख्यमंत्रीजी महोदय को सुपुर्द की जा सके। ताम्बरमम् वेस्ट शाखा के सभी माननीय सदस्यों और पदाधिकारियों को सेवा कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी।

बाली शाखा आई.एफ.डब्ल्यू.जे. पत्रकार संघ के तत्वाधान में सोपा ज्ञापन

डीवाईएसपी जितेंद्र आंचलिया एवं षड्यंत्र में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने व झूठे मुकदमों में फंसाये गए पत्रकारों को न्याय दिलाने की करी मांग

नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली बाली उपखंड के आई.एफ.डब्ल्यू.जे. पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रकाश पालीवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक जयपुर के नाम, बाली उपखण्ड अधिकारी अतुल प्रकाश को ज्ञापन सौपकर उदयपुर क्षेत्र के पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र आंचलिया एवं षड्यंत्र में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने व झूठे मुकदमों में फंसाये गए पत्रकारों को न्याय दिलाने की मांग की।

आई एफ डब्लू जे संगठन के नेतृत्व में रानी उपखंड सोजत उपखंड देसूरी उपखंड सहित अलग-अलग स्तर पर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र आंचलिया द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुये उदयपुर में वरिष्ठ महिला पत्रकार गीता पिल्लई व अन्य पत्रकारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें धमकिया दी गई जो सरासर गलत है एवं अगर एक पुलिस अधिकारी ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग पत्रकारों के लिये करता है तो ऐसे में पुलिस अधिकारी कभी भी आमजन के प्रति विश्वास पैदा नही कर सकते है 7 साथ ही बड़े दुख की बात है कि एक पुलिस अधिकारी अपने पद

का दुरुपयोग कर अन्य थाना क्षेत्र में अपने भाई जसवन्त आंचलिया से षडयंत्र पूर्वक पत्रकारों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर पत्रकारों को मानसिक प्रताड़ना दे रहे हैं।पुलिस के आला अधिकारी चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर झुठे मुकदमे दर्ज करवा रहे हैं ।

ज्ञापन के अंत में कहा कि जितेन्द्र आंचलिया व षडयंत्र में शामिल अन्य पुलिस अधिकारीयों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर झूठे मुकदमे में फसाये गए पत्रकारों को न्याय दिलाया जाये।

इस मौके पर प्रकाश पालीवाल के साथ सुजाराम चौधरी, अमृत माली, राकेश चौहान, विमल वैष्णव, कालूराम गर्ग, संजय सोनी, रितेश अग्रवाल सहित पत्रकार सदस्य मौजूद थे।

वन-टू-वन

डंपर की टक्कर से पुत्र की मौत पिता घायल

ग्वालियर। जिले के डबरा मे पिछोर रोड धई गांव के पास बीती रात भंडारे में खाना खाने के लिए जा रहे पिता-पुत्र की बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार पिता पुत्र उछलकर दूर जा रहे गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में ही दोनों को इलाज के लिए ग्वालियर अस्पताल ले जाया गया। जहां सुबह बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अयोध्या कॉलोनी, डबरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ रिंकू प्रजापति अपने पिता ग्यासीराम प्रजापति को बाइक पर बैठाकर बीती रात ग्राम गढ़ी में देवताओं पर किए गए भंडारे में खाना खाने के लिए जा रहे थे, जैसे ही वह डबरा-पिछोर रोड पर धई गांव के पास पहुंचे तभी रेत से भरे डंपर क्रमांक एमपी 07 जीए 3640 के चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों पिता-पुत्र रोड पर दूर जा गिरे। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे एंबुलेंस से उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर हॉस्पिटल ले गए। सुबह धर्मेंद्र उर्फ रिंकू की इलाज के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है।

रेल से कटे युवक की शिनाख्त हुई

ग्वालियर। बिरलानगर रेल ओवर विज के नीचे अप ट्रैक के पास बुधवार को मिले युवक की शिनाख्त अम्बाह निवासी धर्मेन्द्र सिंह तोमर के रूप में हुई। ग्वालियर पहुंचे परिजनों द्वारा शिनाख्त करने के बाद जी आरपी ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक रेल पेट्रीकार में मैनेजर के रूप में काम करता था। जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अम्बाह जिला मुरैना निवासी धर्मेन्द्र सिंह तोमर उम्र 32 साल ट्रेन की पेंट्रीकार में बतौर मैनेजर के रूप में काम करता था। मंगलवार की रात अम्बाह स्थित घर से परिजनों से दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था।

घरवाले सोते रहे और चोरी हो गई

ग्वालियर। शहर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित डीडी नगर मैं रहने वाला एक परिवार रात को सोता रहा और चोर दबे पांव आए और घर से नगदी गहने से हजारों का माल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डीडी नगर निवासी जय सिंह राजपूत अपने परिवार के साथ रहते हैं बीती रात खाना खाकर वह सोने चले गए इसी बीच छत के रास्ते चोर के कमरे में आए और मोबाइल नगदी तथा उनकी पत्नी का मंगलसूत्र तोड़िए ब्रेसलेट आदि सामान चोरी कर ले गए। सुबह घर वाले सो कर उठे तो चोरी का पता चला उसके बाद पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

किले की तलहटी में युवक का कंकाल मिला

ग्वालियर। शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में किले की तलहटी में कुंदी बाबा की पहाड़ी पर एक युवक का कंकाल मिला है। । पुलिस मृतक के कपड़ों से शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है। बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बहोड़ापुर थाना पुलिस को सुबह सूचना मिली कि किले की तलहटी में कुंदी बाबा की पहाड़ी पर एक युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपनी निगरानी में ले लिया। पुलिस शुरुआती जांच में आसपास के लोगों के बुलाकर शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक नीले रंग की जींस मटमेले की रंग शर्ट व अंदर मटमैले रंग की बनियान व चड्ड़ी पहने हुए हैं। मृतक का चेहरा विकृत हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

नाले में मिली कपड़ा बीनने वाले की लाश

ग्वालियर। शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित जाटव धर्मशाला के पास आज सुबह नाले में एक युवक की लाश मिली है ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह थाटीपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि नाले में एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया। मृतक। की शिनाख्त जीतू उर्फ जितेंद्र कुमार निवासी हरनाम की बजरिया कुबेर आश्रम के रूप में हुई मृतक कबाड़ बीनने का काम करता था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

उधारी मांगने पर दोस्त की गर्दन उड़ाई: पैसे देने बुलाया, शराब पिलाकर कुल्हाड़ी से मार डाला

ग्वालियर। ग्वालियर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां लक्ष्मणपुरा इलाके में एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की कुल्हाड़ी से मारकर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी क्योंकि उसने उधार दिए पैसे वापस मांगे थे। यही नहीं हत्या के बाद उसने लाश को ठिकाने लगाने की भी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहने पर पुलिस के पास जाकर मर्डर की कहानी सुनाई। यह घटना थाने से महज 50 मीटर दूर हुई थी।

हत्या की बात सुनते ही थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने अफसरों को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसपी ग्वालियर नागेन्द्र सिंह, टीआई विवेक अष्ठाना पुलिस बल के साथ जांच पड़ताल करने पहुंचे तो कमरे में सिर कटी लाश पड़ी थी। सिर एक बोरे में रखा हुआ था।

पैसे मांगकर कर रहा था परेशान

पुलिस ने आरोपी इमरान खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि थाटीपुर थाना क्षेत्र स्थित सरकारी मल्टी में रहने वाला अमृत लाल जाटव (35) सटरिंग का काम करता था। वह मेरा दोस्त था। कुछ समय पहले अमृत लाल ने भीम नगर में मकान बेचा था, जिसमें मिले रुपयों में से चार लाख रुपए मैंने उधार लिए थे। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और अमृत लाल बार-बार पैसे देने के लिए दबाव बना रहा था। रुपए ना देने पर पत्नी द्वारा छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दे रहा था।

दोस्त के साथ पहले की शराब पार्टी, फिर कर दी हत्या

आरोपी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात अमृत लाल को उधार के रुपए देने के लिए मैंने घर बुलाया था। घर आने के बाद मैंने कहा कि पहले पार्टी करते हैं। इसके बाद उसे शराब पिलाई। जब वह नशे में था तब कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद रातभर लाश को ठिकाने लगाने के लिए हिम्मत जुटाता रहा, लेकिन ऐसा नहीं कर सका और सुबह थाने जा पहुंचा। इस मामले सीएसमपी नागेंद्र सिंह सिकरवार का कहना है कि आरोपी ने पैसे के लेन-देन पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या की है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या की सूचना आरोपी ने ही दी थी।

कार में मिली ठेकेदार की लाश हत्या की आशंका

ग्वालियर। ग्वालियर से मोहना वसूली करने गए ठेकेदार की हत्या कर दी गई। इसका शव सिरोल में कलेक्ट्रेट के पीछे खुद की कार में मिला है। मृतक के पास में शराब की बोतल मिली है। इससे आशंका है कि ठेकेदार की हत्या शराब में जहर देकर की गई है। शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही हत्या की असली वजह सामने आएगी।

शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तम विहार निवासी सचिन तोमर (38) पुत्र श्यामवीर सिंह तोमर ठेकेदार था। साथ ही वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी काम करता था। शनिवार को वह, मोहना वसूली करने के लिए कार (एमपी 07 सीएच 204)8 से निकला था। उसके बाद वापस नहीं आया, परिजनों ने उसका मोबाइल लगाया तो मोबाइल स्विच मिला। इसके बाद पुलिस को शुक्रवार की सुबह एक कार में शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस को मृतक के पास से मोबाइल, पर्स और कार की चाबी भी गायब मिली है। इस वजह से पुलिस हत्या किए जाने पर संदेह कर रही है। पुलिस, अब मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर आगे की जांच शुरू करेगी।

सिरोल पहाड़ी पर मिली कार: गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि में पुलिस के जवा गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली यहां एक कार लावारिस हाल में है। इस पर सिरोल थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक राहुल कुमार जब यहां पर आए तो कार लावारिस हालत में पाया। कार के पास पहुंचे तो उसमें एक युवक दिखा। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी कोई हलचल नहीं हुई तो कार के नंबर के आधार पर पता किया तो पता चला कि कार गोला का मंदिर इलाके की है। इसका पता चलते ही गोला का मंदिर थाना पुलिस को उक्त पते पर पहुंचाया तो कार मालिक मौके पर पहुंचे और युवक की पहचान बेटे के रूप में की। पुलिस ने जांच की तो शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। वहीं पुलिस को पास ही शराब की बोतल भी मिली है। पुलिस को कार में ना तो खाली गिलास मिले हैं और ना ही मृतक का मोबाइल व पर्स ही मिला है।

रात नौ बजे निकला था पनिहार टोल प्लाजा से: पुलिस ने जांच की तो पता चला कि कार रात नौ बजे पनिहार टोल प्लाजा से निकली थी और रात 10 बजे के लगभग वापस आई थी। अब पुलिस ने आने जाने वाले रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए है।

पानी के टैंकर को जबरदस्ती रोका, पानी नहीं देने पर चालक को बंधक बनाकर पीटा

ग्वालियर। ग्वालियर में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है ऐसे में पानी की किल्लत है और पानी के लिए होने वाले झगड़े भी बढ़ गए हैं। गुरुवार को महाराजपुरा थाने में पानी के टैंकर को जबरदस्ती रोकने और पानी नहीं देने पर चालक से मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। घटना आदित्यपुरम की है। यहां पेयजल के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। महलगांव निवासी साहब सिंह कंषाना पुत्र अतर सिंह कंषाना नगर निगम में टैंकर चालक है। वह पानी के टैंकर लेकर हर दिन ऐसे क्षेत्रों में जा रहे हैं जहां लोग उन्हें घेर लेते हैं। रोज की तरह वह महाराजपुरा के आदित्यपुरम के वैष्णोंधाम में पानी की सप्लाई करने पहुंचे थे। अभी वह आदित्यपुरम में पहुंचा ही था कि तभी छत्रपाल तोमर का बेटा, पत्नी तथा पुत्रवधु टैंकर के सामने खड़े हो गए। सभी ने टैंकर चालक से पानी का टैंकर उनके यहां पर खाली करने के लिए कहा। जब चालक ने बताया कि उसे दूसरी नंबर की गली में जाना है, यहां जो टैंकर आना है वह भी पीछे ही आ रहा है। 10 मिनट में यहां पहुंच जाएगा। इतना सुनते ही तोमर परिवार के सदस्यों ने चालक को कॉलर पकड़कर नीचे खींच लिया। उसकी मारपीट कर दी। जब उसे बचाने के लिए उसका साथी कर्मचारी दीपू गुर्जर आया तो आरोपियों ने उसकी भी मारपीट कर टैंकर पर पथराव कर दिया। इसके बाद चालक और हेल्पर वहां से जान बचाकर भागे। लोगों ने पानी का टैंकर कुछ ही मिनट में खाली कर दिया।

पुलिस पहुंची स्थिति को संभाला

घटना स्थल से चालक और हेल्पर भागकर महाराजपुरा थाने पहुंचे और अपने विभाग को सूचना दी। तत्काल पुलिस आदित्यपुरम पहुंची तो वहां खाली टैंकर पड़ा हुआ था। पुलिस ने टैंकर को वहां से निकालकर चालक साहब सिंह कंषाना की शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ मारपीट, पथराव व शासकीय कार्य में बाधा डालने की स्न्नढ्ढक्र दर्ज कर ली है। ञ्जढ्ढ महाराजपुरा पीएस यादव ने बताया कि मारपीट के शिकार हुए चालक की शिकायत पर हमलावर युवक, उसकी मां तथा पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जेल मुख्यालय ने आपात पैरोल की अवधि बढ़ाई

ग्वालियर। जेल मुख्यालय ने आपात पैरोल की अवधि 60 दिवस से बढ़ाकर 90 दिवस कर दिया है। केन्द्रीय जेल ग्वालियर के अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जेल मुख्यालय द्वारा गत 27 अप्रैल 2021 को जारी आदेश के तहत बंदियों को 60 दिवस के आपात पैरोल का लाभ दिया गया था।

ट्रेन गार्ड सिस्टम फिर से लागू होगा, मोबाइल की गुमशुदगी नहीं, चोरी की रिपोर्ट दर्ज होगी

ग्वालियर। कोरोना वायरस का संक्रमण कम होने के बाद ट्रेनों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों का आवागमन बढ़ा है। इसके साथ ही ट्रेनों में फिर से चोरियों की घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन ट्रेनों में चोरी कम से कम हों, इसके लिए राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) फिर से ट्रेन गार्ड सिस्टम लागू कर रही है। ऐसी ट्रेनें जो रात में चलती हैं, उनमें जीआरपी के जवान तैनात रहेंगे। ऐसे जवानों की मॉनीटरिंग सीधे भोपाल कंट्रोल कार्यालय से होगी। जवानों को अपनी लोकेशन वाट्सएप के माध्यम से बतानी होगी। यह बात गुरुवार को जीआरपी थाना का निरीक्षण करने आए पुलिस महानिरीक्षक रेल (आईजी) महेंद्र सिंह सिकरवार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में मोबाइल चोरी होने पर गुमशुदगी की नहीं बल्कि अब सीधे एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। भले ही अपराध के प्रकरण बढ़ जाएं। उन्होंने कहा कि यदि जीआरपी एफआईआर दर्ज करने से इनकार करती है तो यात्री जीआरपी के हेल्प ऐप के माध्यम से भी सीधे शिकायत कर सकते हैं। आईजी ने कहा कि ट्रेनों अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए राजस्थान और उप्र की जीआरपी से बेहतर तालमेल कर रहे हैं।

प्रशासन है मौन

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478